गुस्ताखी माफ

ले आते वैसे सभी, बीस लाख की कार।
तेल बीस पैसे बढ़े, मचती हाहाकार।
मचती हाहाकार, टोल तक लगता भारी।
माइलेज भी कभी, घटे ना यार हमारी।
कह साहिल कविराय, तेल पर शोर मचाते।
बीस लाख की कार, मगर झटपट ले आते।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल





RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS






VOL: 11 | ISSUE 183 | FRIDAY 10-07-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com


# पंजाब की राजनीति से दिलजीत भी नहीं रहे अछूत!



केंद्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने दिलजीत पर लगाए आरोप



जसवंत सिंह खालड़ा



सतलुज मूवी में दिलजीत का शॉट

पंजाब/यूटर्न/9 जुलाई। राजनीति एक ऐसी वस्तु है। जिसमें कई बार गंभीर मुद्दों में चढ़ाई के चक्कर में कई बार महारत भी हासिल हो जाती है और कई बार लोगों के हाथ भी जल जाते हैं। कहने को तो दिलजीत दोसांझ की और से सतलुज मूवी बनाई है, लेकिन केंद्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू द्वारा इस मूवी को लेकर दिलजीत के खिलाफ तंज कसा है। उन्होंने कहा कि यह बहुरुपिया पंजाब का दर्द बेचकर अपनी कमाई करने में लगा हुआ है। अब यह बात कितनी सच है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। बेशक दिलजीत दोसांझ द्वारा दुनिया के हर कौने में जाकर पंजाब का नाम रोशन किया है, लेकिन फिर भी वे पंजाब की सियासत से बच नहीं पाए हैं। दरअसल, सतलुज मूवी को लेकर जहां एक तरफ पंजाब की सभी राजनीतिक पार्टियां हक में हैं, वहीं दूसरी तरफ रवनीत बिट्टू द्वारा इसे एकतरफा मूवी करार दिया गया है। हालांकि उनके यह आरोप भी शायद सच हो सकते हैं।उ न्होंने फिल्म डायरेक्टर को 1984 से लेकर साल 2000 तक पंजाब में हुए अन्य कांड पर भी मूवी बनाने की बात कही है।

## सबसे गंदे गीत गाने वाले चमकीला पर बनाई मूवी

बिट्टू ने आरोप लगाया कि वैसे दिलजीत को पंजाब और पंजाबीयत की बड़ी फिक्र होती है। पंजाबी सभियाचार को ऊंचा उठाने की बात करता है। दूसरी तरफ दिलजीत ने सबसे गंदे गीत गाने वाले अमर चमकीला के जीवन पर आधारित फिल्म बनाई। चमकीला ऐसा व्यक्ति था, जिसने मां-बहनों के शरीर पर गीत गायन किए। ऐसे लोगों को यह (दिलजीत) महान मानते हैं।

## जिधर से पैसा दिखा, उधर को चल पड़े

*केंद्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि एक तरफ दिलजीत द्वारा खालिस्तान अच्छा होने संबंधी मूवी बनाई जाती है और वीडियो बनाई जाती है। पंजाब 1984 भी आतंकवाद के दौर की फिल्म है। दूसरी तरफ विदेशों में उसके शो में खालिस्तान का झंडा लेकर आने वालों को धक्के मारकर बाहर निकाल दिया जाता है। ऐसे दोतरफा चेहरा क्यों। तुम एक बहुरूपिए हो, जिसे जिधर पैसा दिखता है, उसी तरफ चल पड़ता है। जिस अमिताभ बच्चन ने 1984 में राजीव गांधी का दोस्त होने के नाते सिखों का सबसे बड़ा नरसंहार करवाया, ये दिलजीत जाकर उसके पैरों में गिरता है।*

## ओटीटी पर सरकार का नहीं होता कंट्रोल

बिट्टू ने खुलासा किया कि फिल्म को ओटीटी से हटाना कोई सरकारी दबाव नहीं था। दिलजीत और डायरेक्टर संदीप त्रेहन को पता था कि दो-तीन दिन में इनका पैसा पूरा हो जाएगा। जब इनका जी5 के पैक 199 और 399 रुपये वाला टारगेट पूरा हो गया, तो पब्लिक स्टंट के लिए बोल दिया कि फिल्म हटाई जा रही है। जिससे लोगों ने जमकर मेंबरशिप ली और इन्हें पैसा मिला। दो दिन के अंदर भारी मात्रा में पैसा कमाया गया। ओटीटी पर केंद्र का कंट्रोल नहीं होता। यह खुद ही फिल्म डालकर डिलीट कर रहे हैं।

## पूर्व सीएम और खालड़ा की मौत में बड़ा अंतर

बिट्टू मुताबिक उनके दादा पूर्व सीएम स्वर्गीय बेअंत सिंह के समय खालड़ा पर कोई केस नहीं हुआ। न ही पुलिस ने उन्हें कभी बुलाया। 31 अगस्त को बेअंत सिंह की शहादत हुई और उसके बाद 6 सितंबर को खालड़ा को उठाया गया। जो लोग बिना जानकारी के बेअंत सिंह जी पर उंगली उठा रहे हैं, उन्हें पता होना चाहिए कि उनके समय में खालड़ा साहब को किसी ने उंगली तक नहीं लगाई थी। इसके अलावा जसवंत खालड़ा द्वारा 2 हजार लोगों का कत्ल करने वाले व्यक्ति को महान बाबा बताया गया था। पंजाब में कई पुलिस अफसर और परिवार बेकसूर मारे, उन पर क्यों नहीं मूवी बनाई गई।

## संघर्ष के समय दिलजीत का परिवार सरकारी ऐश कर रहा था

बिट्टू ने कहा कि दिलजीत दोसांझ विदेशों के महलों में बैठकर बड़े बड़े दावे करते हैं। महलों में बैठने वालों को पंजाब का दर्द क्या पता। जो व्यक्ति साल में एक बार पंजाब में आकर चला जाए, उसे पंजाब से कितना प्यार होगा, यह इसी से पता चलता है। जब पंजाब में खालड़ा साहब संघर्ष कर रहे थे तब ये कहां था। इसका पूरा परिवार सरकारी नौकरियां करता था सरकार की ऐश लूटता था और आज इन्हें बातें आ रही हैं।

**खुद के परिवार की फिक्र, दूसरों की प्रवाह नहीं...** रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि एक तरफ दिलजीत दोसांझ द्वारा बार बार कहा जाता है कि उन्हें अपने परिवार की फिक्र है, इसी लिए वे उन्हें सामने नहीं लाते। मगर पंजाब के बाकी लोगों में ऐसी एकतरफा फिल्में बनाकर क्यू माहौल खराब करने में लगे हैं।




# 'सतलुज' फिल्म ने परदा उठाया, इतिहास ने पूरा हिसाब खोल दिया

'सतलुज' फि ल्म से जुड़े विवाद ने पंजाब में उग्रवाद के दौर और कलात्मक आजादी पर बहस को फिर से शुरू कर दिया है। इसने उस दौर के सबसे प्रभावशाली और विवादास्पद शख्सियतों में से एक, पंजाब पुलिस के पूर्व प्रमुख केपीएस गिल को भी फिर से चर्चा में ला दिया है।



संदीप शर्मा, सम्पादक

लेकिन इतिहास चुनिंदा बातों को याद रखने की इजाजत नहीं देता। अगर उग्रवाद को खत्म करने में गिल की भूमिका पर फिर से बात हो रही है, तो उनके सार्वजनिक जीवन के एक और अहम पहलू पर भी बात होनी चाहिए: आईएएस अधिकारी रूपेन देओल बजाज द्वारा उन पर दर्ज कराया गया यौन उत्पीड़न का मामला।

इसीलिए 'सतलुज' पर हो रही बहस उन मायनों में भी अहम हो गई है, जिनका शायद इसके बनाने वालों या आलोचकों ने सोचा भी नहीं था। इसने एक बड़ा सवाल फिर से खड़ा कर दिया है: क्या समाज ऐतिहासिक हस्तियों को सिर्फ़ उनकी कामयाबियों के लिए ही याद रख सकता है? या इतिहास को पूरी तरह से समझना चाहिए, जिसमें कामयाबी और जवाबदेही दोनों को माना जाए?

शायद ही कोई इस बात से इनकार करेगा कि 1980 के दशक के आखिर और 1990 के दशक की शुरूआत में आतंकवाद के खिलाफ राज्य के अभियान में केपीएस गिल ने अहम भूमिका निभाई थी। कई लोगों के लिए, वे वही पुलिस अधिकारी हैं जिन्होंने सालों के खून-खराबे के बाद पंजाब में हालात को कुछ हद तक सामान्य बनाने में मदद की थी। लेकिन जन-सेवा और सार्वजनिक आचरण एक ही सिक्के के दो पहलू नहीं हैं। एक दूसरे की जगह नहीं ले सकता।

1988 में, सीनियर आईएएस अधिकारी रूपेन देओल बजाज ने गिल पर एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि गिल ने ऐसा व्यवहार किया जिसे उन्होंने अपमानजनक और आपत्तिजनक माना। उस समय, भारत में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से निपटने के लिए कोई खास कानूनी ढांचा नहीं था और न ही ऐसा सामाजिक माहौल था जो महिलाओं को ताकतवर पुरुषों को चुनौती देने के लिए प्रोत्साहित करता। कई लोगों ने बजाज को मामला छोड़ देने की सलाह दी। लेकिन उन्होंने लड़ने का फैसला किया।

उनकी कानूनी लड़ाई सालों तक चली, जिसमें उन्हें संस्थागत विरोध, लोगों की नजर और भारी निजी दबाव का सामना करना पड़ा। आखिरकार, अदालतों ने गिल को भारतीय दंड संहिता की उन धाराओं के तहत दोषी ठहराया जो किसी महिला की गरिमा को ठेस पहुँचाने से संबंधित हैं।

आज के नजरिए से देखें तो बजाज का मामला और भी अहम लगता है। #टीळङ्कङ्क आंदोलन के जरिए सत्ता और जेंडर (लिंग) पर बातचीत का तरीका बदलने से बहुत पहले ही, उन्होंने उस संस्कृति को चुनौती दी थी जिसमें प्रभावशाली पुरुषों के गलत व्यवहार के सामने महिलाओं से चुप रहने की उम्मीद की जाती थी। यही बात 'सतलुज' विवाद को सिनेमा से परे भी अहम बनाती है। जो फि ल्में विवादित दौर को फिर से दिखाती हैं, वे न सिर्फ़ ऐतिहासिक घटनाओं, बल्कि उन्हें आकार देने वाले लोगों के बारे में भी बहस को फिर से ज़िंदा कर देती हैं। जब केपीएस गिल का ज़िक्र फिर से आम चर्चा में आता है, तो सिर्फ़ उनकी कामयाबियों पर बात करना और उन कानूनी व नैतिक सवालों को नजरअंदाज करना नामुमकिन हो जाता है, जो उनकी पहचान का अहम हिस्सा हैं।

# ऐसा भी होता है: बैंक ऑफ बड़ौदा का 5,700 करोड़ का अदालत के बाहर सबसे महंगा समझौता

चंडीगढ़/यूटर्न/9 जुलाई। सरकारी बैंक ऑफ बड़ौदा ने यूएई की बड़ी हेल्थकेयर कंपनी एनएमसी हेल्थ के डूबने से जुड़े लंबे समय से चल रहे कानूनी विवाद को सुलझाने के लिए 600 मिलियन डॉलर (लगभग 5,700 करोड़) देने पर सहमति जताई है। इससे किसी भारतीय सरकारी बैंक से जुड़े सबसे बड़े क्रॉस-बॉर्डर कानूनी विवादों में से एक का अंत हो गया है। एनएमसी हेल्थ के जॉइंट एडमिनिस्ट्रेटर्स के साथ हुए इस समझौते से अबू धाबी और यूके की अदालतों में चल रही कार्यवाही खत्म हो गई है, और बैंक ने अपनी कोई गलती नहीं मानी है। यह विवाद 2020 में एनएमसी हेल्थ के अचानक डूबने से शुरू हुआ था, जब जांचकताओं को 4 बिलियन डॉलर से ज्यादा का ऐसा कर्ज. मिला था जिसके बारे में पहले जानकारी नहीं दी गई थी। इससे मिडिल ईस्ट में कॉर्पोरेट जगत की सबसे बड़ी विफलताओं में से एक घटना हुई। इसके बाद कंपनी के जॉइंट एडमिनिस्ट्रेटर्स ने एनएमसी के फाउंडर बीआर शेट्टी, पूर्व सीईओ प्रशांत मंगहट और बैंक ऑफ बड़ौदा पर केस किया। उन्होंने आरोप लगाया कि बैंक की अबू धाबी ब्रांच ने बिना जरूरी जांच-पड़ताल, एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग (एएमएल) चेक और 'नो योर कस्टमर' (केवाईसी) नियमों का पालन किए बिना ट्रांजैक्शन किए।




## देनदारी 600 मिलियन डॉलर तक सीमित

रेगुलेटरी फाइलिंग के अनुसार, समझौते के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा की देनदारी 600 मिलियन डॉलर तक सीमित है, और बैंक के खिलाफ सभी दावों का समाधान बिना किसी गलती को माने कर लिया गया है। अबू धाबी ग्लोबल मार्केट (एडीजीएम) कोर्ट में कार्यवाही पहले ही बंद कर दी गई है, जबकि इंग्लैंड में इससे जुड़ी कार्यवाही वापस ली जा रही है। समझौते की बाकी शर्तें गोपनीय रखी गई हैं।

## ट्रायल शुरू होने के बाद समझौता

यह समझौता अबू धाबी में ट्रायल शुरू होने के बाद हुआ है। कानूनी जानकारों का कहना है कि इस समझौते से दोनों पक्षों को लंबे समय तक चलने वाले कानूनी विवाद से जुड़ी अनिश्चितता, खर्च और संभावित जोखिमों से बचने में मदद मिलेगी। इङ्कइ ने इस पेमेंट को विवाद खत्म करने के लिए लिया गया एक कमर्शियल फैसला बताया है। इस घोषणा का असर निवेशकों की सोच पर भी पड़ा; समझौते की जानकारी सामने आने के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा के शेयरों में 4% से ज्यादा की गिरावट आई।


ਗੁਰਮੁਖਿ ਜਨਮੁ ਸਵਾਰਿ ਦਰਗਹ ਚਲਿਆ॥
ਸਚੀ ਦਰਗਹ ਜਾਇ ਸਚਾ ਪਿੜ ਮਲਿਆ॥
GURMUKH JANAM SAVAAR DARGEH CHALIA.
SACHEE DARGAH JAAI SACHA PIRH MALIA.



RAVINDER SINGH BRAR
(JUGGI BRAR)
(Respected Father of Our Friend Jaikaran Brar)
Bhog & Antim Ardas
FRIDAY 10/07/2026
GURUDWARA SINGH SABHA, SARABHA NAGAR, LUDHIANA
1PM TO 2PM
IN GRIEF
AMBRISH SHARMA CHEENU
(EURO 9)
GAGAN KHURANA
(VICTORIA KNIT)




पेज 06 रथयात्रा ने भगवान जगन्नाथ को जन-जन से जोड़ा...


# रोबोटिक यूरोलॉजी पर आईएमए लुधियाना की सीएमई आयोजित

अशोक सहगल

लुधियाना, यूटर्न 9 जुलाई। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) लुधियाना ने आईएमए हाउस में ₹एडवांसेज इन यूरो-नेफ्रोलॉजी एंड ट्रांसप्लांट झ्र रोबोटिक रिवोल्यूशन इन यूरोलॉजी एंड यूरो-ऑन्कोलॉजी केयर₹ विषय पर कंटिन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन (सीएमई) कार्यक्रम आयोजित किया। पंजाब मेडिकल काउंसिल द्वारा मान्यता प्राप्त इस कार्यक्रम में चिकित्सकों एवं सर्जनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुकेश कुमार जैन (आईआरएस), मुख्य आयकर आयुक्त, लुधियाना ने किया। उन्होंने कहा कि रोबोटिक सर्जरी और किडनी प्रत्यारोपण जैसी आधुनिक चिकित्सा तकनीकों ने उपचार को नई दिशा दी है। साथ ही उन्होंने इन उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं को समाज के हर वर्ग के लिए किफायती एवं सुलभ बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

विशिष्ट अतिथि डॉ. रामनदीप कौर, सिविल सर्जन, लुधियाना ने कहा कि पंजाब सरकार मुख्यमंत्री सेहत बीमा योजना एवं आम आदमी क्लीनिकों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ आम लोगों तक पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने सतत चिकित्सा शिक्षा एवं निवारक स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व पर भी प्रकाश डाला। आईएमए लुधियाना के संरक्षक एवं पूर्व राज्य अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार सोबती ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि 1,600 से अधिक सदस्यों के साथ आईएमए लुधियाना, आईएमए पंजाब की सबसे बड़ी शाखा है और चिकित्सकों के ज्ञानवर्धन के लिए नियमित रूप से शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करती है। उन्होंने युवा चिकित्सकों से संगठन से जुड़ने का भी आह्वान किया।

मुख्य वक्ता डॉ. बलदेव सिंह ने यूरो-ऑन्कोलॉजी में नवीनतम तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रोबोटिक सर्जरी से अधिक सटीकता, कम रक्तस्राव, कम दर्द, शीघ्र स्वास्थ्य लाभ तथा अस्पताल में कम समय तक भर्ती रहने जैसे महत्वपूर्ण लाभ मिलते हैं। इस अवसर पर डॉ. करमवीर गोयल, डॉ. पवन धींगरा, डॉ. अवतार सिंह खराय, डॉ. धीरज अग्रवाल, डॉ. दविंदरजीत वालिया, डॉ. नरजीत कौर तथा डॉ. प्रीतपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक उपस्थित रहे।

## हिमाचल में पिछले 5 महीना में 264 दवाइयो के सैंपल हुए फेल पंजाब में सप्लाई पकड़ा एक नहीं गया

लुधियाना/यूटर्न/09 जुलाई। हिमाचल में पिछले 5 महीना में 264 दवाइयां के सैंपल फेल हो चुके बताए जाते हैं इन दवाइयां की सप्लाई अन्य राज्यों के साथ भरपूर मात्रा में पंजाब में भी होती है और इसका एक बड़ा हिस्सा लुधियाना में भी सप्लाई होता है परंतु हैरानी की बात यह है कि जहां हिमाचल में 264 दवाइयां के सैंपल फेल हो चुके हैं राज्य का ड्रग विभाग 64 सैंपल भी नहीं पकड़ पाया है लोग इसका एक कारण यह भी बताते हैं कि स्थानीय ड्रग विभाग की कोई इच्छा ही नहीं है कि वह ऐसी कोई कार्रवाई करें जिससे दवा बाजार के लोग उनसे नाराज हो जाए क्योंकि काफी समय से शहर में तैनात होने के कारण अब उनके अच्छे रिश्ते बन चुके बताए जाते हैं थी. दिल्ली के दो निजी अस्पतालों से भी कैंसर और किडनी की 8 करोड रुपये की नकली दवाई पकड़ी गई थी। नकली दवाओं का पकड़ा जाना गंभीर मामला है। इन नकली दवाओं की आड़ में मेडिकल स्टोर संचालक मोटा मुनाफा तो कमाते हैं साथ ही मरीज की जान को भी जोखिम में डाल देते हैं. नकली दवाई के चलते मरीज के परिजन लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी मरीज की बीमारी को ठीक नहीं करा पाते. कई बार तो नकली दवाओं के चलते मरीज की जान भी चली जाती है. पर ऐसे मामलों में जिस विभाग की कार्रवाई की करने की जिम्मेदारी बनती है वह शांत और एयर कंडीशन कमरों से बाहर नहीं निकलते ऐसे में यह जानना जरूरी हो जाता है कि आखिर नकली दवाओं से आम आदमी कैसे बचे. भोले भाले लोग डॉक्टर की लिखी हुई दवाओं को लेने के लिए मेडिकल स्टोर पर जाते हैं।



## बरसात में पाइपलाइन का काम बना मुसीबत, एटीएस स्कूल के पास लोग खड्डों में गिरे

डेराबस्सी/यूटर्न/09 जुलाई। बरसात के दिनों में नगर कौंसिल की ओर से शुरू करवाया गया पाइपलाइन डालने का काम लोगों के लिए परेशानी बन गया है। एटीएस स्कूल के पास पाइपलाइन के लिए खोदे गए गड्ढों और कीचड़ के कारण बुधवार को अभिभावकों को बच्चों को स्कूल छोड़ने और वापस लाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों के अनुसार, इससे पहले भी उन्होंने बरसात के मौसम में पाइपलाइन डालने के काम का विरोध किया था। लोगों का कहना था कि बारिश के दिनों में सड़क खोदने से स्कूल आने-जाने वाले बच्चों, अभिभावकों और राहगीरों को परेशानी होगी। विरोध के बाद कुछ समय के लिए काम रुकवा दिया गया था, लेकिन मौके पर पहुंचे नगर कौंसिल अधिकारियों ने फिर से काम शुरू करवा दिया।





लोगों ने आरोप लगाया कि बुधवार को बारिश के कारण सड़क पर कीचड़ फैल गया और पाइपलाइन के लिए खोदे गए गड्ढे हादसों का कारण बनते रहे। कभी साइकिल सवार तो कभी मोटरसाइकिल सवार गड्ढों में गिरते रहे। अभिभावकों ने कहा कि बच्चों को स्कूल छोड़ना और छुट्टी के समय वापस लेकर आना जोखिम भरा हो गया है। स्थानीय निवासियों ने नगर कौंसिल से मांग की है कि बरसात के दिनों में ऐसे कामों को रोककर पहले रास्ते को सुरक्षित बनाया जाए। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो वे इसका विरोध तेज करेंगे।

## थार सवार ने आवारा कुत्ते को कुचला, विरोध करने पर दिखाई पिस्टल

लुधियाना/यूटर्न/9 जुलाई। हैबोवाल इलाके में एक थार चालक ने लापरवाही और तेजी से गाड़ी चलाते हुए एक बेजुबान (आवारा कुत्ते) को बुरी तरह कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। जब मोहल्ले वालों और डॉग फीडर्स ने घटना का विरोध किया, तो आरोपी अपनी गलती मानने के बजाय गुंडागर्दी पर उतर आया और पिस्टल दिखाकर डराने-धमकाने लगा। थाना हैबोवाल पुलिस ने परमजीत सिंह की शिकायत पर रविंदर सिंह खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।



पुलिस ने शिकायतकर्ता के बयानों के आधार पर आरोपी थार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गोगी मार्केट, हकीकत नगर और आस-पास के इलाकों में डॉग्स को फीड करने वाले शिकायतकर्ता परमजीत सिंह वासी गुरु नानक देव नगर ने बताया कि वह पिछले 6 साल से रोजाना करीब 150 आवारा कुत्तों को खाना खिलाने की सेवा कर रहे हैं। रात करीब 10:30 बजे जब वह अपनी गली में डॉग्स को फीड करने के लिए निकले थे, तभी एक लड़की रोती और भागती हुई उनके पास आई। उसने घबराते हुए बताया कि एक थार गाड़ी वाले ने एक डॉग के ऊपर गाड़ी चढ़ा दी है और उसे मदद चाहिए।

### विरोध करने पर तान दी पिस्टल

शिकायतकर्ता ने बताया कि जब वे लोग तुरंत मौके पर पहुंचे तो देखा कि थार के नीचे आने से डॉग की मौत हो चुकी थी और वहां सब कुछ साफ किया जा रहा था। मोहल्ले के लोग भी वहां इकट्ठा हो गए थे। आरोपी की पहचान रविंदर सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह चंडीगढ़ से यहां अपने ससुराल में आया हुआ था।

## मुखबिरी के शक में दो पक्ष आपस में भिड़े, ईंट-पत्थर बरसाए, 27 लोगों पर मामला हुआ दर्ज



लुधियाना/यूटर्न/9 जुलाई। लुधियाना के चौंता में नशा तस्करों की मुखबिरी को लेकर हुए विवाद में निहंग जत्थों की एंट्री के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के 27 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने दोनों पक्षों पर पथराव और उपद्रव करने की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई थाना कूमकलां के एएसआई विजय कुमार की शिकायत के आधार पर की गई है। चौंता गांव में नशे के मामले को लेकर पुलिस टीमों ने दबिश दी थी। आरोप है कि जिन लोगों के घरों पर पुलिस ने कार्रवाई की, उन्होंने मुखबिरी के शक में दूसरे पक्ष के घरों पर ईंट-पत्थर बरसाए और हमला कर दिया। वहीं, दूसरे पक्ष का आरोप है कि उनके खिलाफ पुलिस को झूठी सूचना दी गई थी।

### दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई शुरू

दोनों पक्षों ने थाना कूमकलां में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद कार्रवाई न होने पर पप्पू सिंह ने निहंग जत्थेबंदियों से संपर्क किया। इसके बाद निहंग जत्थेबंदियां गांव पहुंचीं, जहां पप्पू सिंह ने ग्रामीणों के सामने पूरा मामला रखा। निहंगों की एंट्री के बाद पुलिस सक्रिय हुई और दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी।

# घग्गर की उफनती धारा में फंसी 25 गायों और बछड़ों की पंचकूला पुलिस ने बचाई जान

## डीसीपी सृष्टि गुप्ता बोलीं- हमारे लिए हर जिंदगी अनमोल, चाहे इंसान हो या बेजुबान

अजीत झा

पंचकूला/यूटर्न/09 जुलाई। लगातार हो रही तेज बारिश के कारण घग्गर नदी का जलस्तर बढ़ने से बुधवार को सेक्टर-21 के समीप करीब 25 गाय और बछड़े तेज बहाव के बीच फंस गए। सूचना मिलते ही पंचकूला पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सभी पशुओं को सुरक्षित बाहर निकालकर उनकी जान बचाई। जानकारी के अनुसार, तेज बारिश को देखते हुए पंचकूला पुलिस और जिला प्रशासन पहले से ही अलर्ट मोड पर थे। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता के निर्देश पर जिले के सभी थाना प्रभारियों और पुलिस चौकी इंचार्जों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार गश्त करने और लोगों के साथ-साथ बेजुबान पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे।

इसी दौरान सेक्टर-21 पुलिस चौकी प्रभारी सब-इंस्पेक्टर दीदार सिंह अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। जब पुलिस टीम घग्गर नदी के किनारे पहुंची तो देखा कि नदी की तेज धारा के बीच करीब 25 गाय और बछड़े फंसे हुए हैं और उनकी जान पर गंभीर खतरा



मंडरा रहा है। मूसलाधार बारिश और तेज बहाव के बावजूद पुलिस टीम ने सूझबूझ, साहस और टीमवर्क का परिचय देते हुए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। काफी मशक्कत के बाद सभी गायों और बछड़ों को सुरक्षित नदी से बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया



गया। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने पुलिस टीम के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि पुलिस का दायित्व केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि हर संकटग्रस्त जीवन की रक्षा करना भी है। उन्होंने कहा कि पंचकूला पुलिस भविष्य में भी किसी भी आपदा या आपात स्थिति में लोगों और बेजुबान पशुओं की सहायता के लिए पूरी संवेदनशीलता और तत्परता के साथ हमेशा तैयार रहेगी।

# सतलुज क्लब का नहीं थम रहा विवाद, चर्चाः सुबह जीएम को किया सस्पेंड, शाम होते-होते आखिर किसके दबाव में लिया यूटर्न

लुधियाना/यूटर्न/9 जुलाई। लुधियाना के सतलुज क्लब में 28 जून को पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात प्रोग्राम का लाइव टेलीकास्ट किया गया था। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चीफ गेस्ट के तौर पर पहुंचे थे। जिन्होंने क्लब मेंबर्स के साथ बैठकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम देखा और फिर ब्रेकफास्ट भी किया।

क्लब मेंबर्स द्वारा नियमों के उल्ट पॉलीटिकल कार्यक्रम कराने पर ऐतराज जताया गया। चर्चा है कि इस मामले में वीरवार सुबह सतलुज क्लब के जीएम कमल को सस्पेंड कर दिया गया है। तत्काल प्रभाव से उनकी सेवाएं बंद कर दी गई है। अगले आदेशों तक वे क्लब में सेवाएं नहीं दे सकेगें। यह आदेश वीरवार को जनरल सेक्रेटरी आशीश आहूजा द्वारा जारी किए गए हैं। जनरल सेक्रेटरी आहूजा का कहना है कि क्लब के प्रेजिडेंट डीसी के आदेशों पर कारवाई की गई है। सुबह तो जीएम को सस्पेंड कर दिया, लेकिन चर्चा है कि शाम होते-होते इन आदेशों से यूटर्न ले लिया गया। यानि कि जीएम की सस्पेंशन रोकने की तैयारी कर ली गई है। चर्चा है कि कुछ लोगों द्वारा इसके लिए दबाव डाला जा रहा है। जिसे लेकर शहर में चर्चा छिड़ गई कि अगर किसी दूसरी क्लब द्वारा नियम तोड़े होते तो अब तक प्रशासन की और से उन पर एफआईआर दर्ज करवा दी होती, लेकिन सतलुज क्लब में डीसी प्रेजिडेंट होने के बावजूद सस्पेंड का खेल खेला जा रहा है।






### कई और लोग भी रडार पर

हालांकि चर्चाएं छिड़ी हुई है कि इस मामले में और भी कई लोगों पर कार्रवाई हो सकती है। वहीं कार्यक्रम का आयोजन करने वाले भाजपा नेता क्लब के मेंबर बताए जा रहे हैं। मामले की जांच की जा रही है। अगर उक्त नेता द्वारा जानबूझकर नियम तोड़ने की बात सामने आती है तो उन पर भी एक्शन हो सकता है।

### क्लब सदस्यों ने नियम तोड़ने के लगाए आरोप

क्लब के सदस्यों का आरोप था कि यह कार्यक्रम पूरी तरह राजनीतिक था, जबकि क्लब के संविधान के अनुसार राजनीतिक गतिविधि आयोजित नहीं की जा सकती थी। लेकिन फिर भी राजनीतिक कार्यक्रम की बुकिंग हुई और सरेआम नियम तोड़ते हुए समारोह कराया गया। हैरानी की बात तो यह है कि क्लब की वर्किंग कमेटी द्वारा भी इस पर ध्यान नहीं दिया गया।

### भाजपा नें इंटरनल वॉर शुरू होने की चर्चाएं

वहीं इस कार्यक्रम को लेकर जहां सतलुज क्लब में विवाद चल रहा है, वहीं भाजपा के जिला नेताओं में भी इंटरनल वॉर शुरू हो चुकी है। चर्चाएं हैं कि इस कार्यक्रम में शहर के मुख्य पदाधिकारियों को ब्रेकफास्ट से दूर रखा गया। सामने होने के बावजूद उन्हें अनदेखा किया गया और लिस्ट तक से नाम हटा दिए गए। यह साजिशन हुआ या अचानक गलती हुई, यह आने वाला समय ही बताएगा। लेकिन फिलहाल इस मामले को लेकर भाजपा के नेताओं में आपसी विवाद शुरू होने की चर्चाएं हैं।

# 12 जुलाई को 12 घंटे बंद रहेगा ढकोली रेलवे फाटक, मरम्मत कार्य के चलते सुबह 8 से रात 8 बजे तक नहीं चलेगा ट्रैफिक




जीरकपुर/यूटर्न/09 जुलाई। ढकोली क्षेत्र से गुजरने वाले वाहन चालकों के लिए जरूरी सूचना है। रेलवे लेवल क्रॉसिंग नंबर 120/स्पेशल यानी ढकोली रेलवे फाटक 12 जुलाई 2026 को 12 घंटे के लिए बंद रहेगा। इस दौरान सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक फाटक से सड़क यातायात पूरी तरह बंद रखा जाएगा। उत्तर रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर वर्क्स, चंडीगढ़ की ओर से जारी पत्र के अनुसार, ढकोली फाटक की सड़क सतह खराब हो चुकी है। वाहन चालकों को परेशानी और सुरक्षा जोखिम को देखते हुए रेलवे की ओर से यहां सीसी पेवर ब्लॉक बिछाकर मरम्मत कार्य किया जाएगा। मरम्मत कार्य के दौरान किसी भी वाहन को फाटक से गुजरने की अनुमति नहीं होगी। रेलवे प्रशासन ने इस संबंध में एसडीएम डेराबस्सी को पत्र भेजकर यातायात प्रतिबंध लागू करवाने और जरूरत के अनुसार वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। रेलवे अधिकारियों ने आम जनता और वाहन चालकों से अपील की है कि 12 जुलाई को यात्रा की योजना बनाते समय ढकोली फाटक की बजाय वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल करें, ताकि जाम और परेशानी से बचा जा सके।

# हाई वोल्टेज तारों के सहारे टिका टूटा खंभा, हादसे का डर

जीरकपुर/यूटर्न/09 जुलाई। लगातार बारिश के बीच ढकोली-मुबारकपुर रोड पर सरकारी अस्पताल के पास क्षतिग्रस्त बिजली का खंभा लोगों के लिए खतरा बना हुआ है। अस्पताल से करीब 100 मीटर दूर लगा यह खंभा टूटने के बाद हाई वोल्टेज तारों के सहारे टिका हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इसे तुरंत नहीं बदला गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों के अनुसार, यह खंभा काफी समय से क्षतिग्रस्त है, लेकिन संबंधित विभाग ने अब तक इसे बदलने या मरम्मत करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। बारिश और तेज हवा के कारण इसके गिरने का खतरा और बढ़ गया है। ढकोली-मुबारकपुर रोड से रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं। पास में सरकारी अस्पताल होने के कारण मरीजों, एंबुलेंस और राहगीरों की आवाजाही भी लगातार रहती है। ऐसे में यदि खंभा गिरता है या हाई वोल्टेज तार टूटकर सड़क पर आते हैं, तो बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत के बावजूद बिजली विभाग ध्यान नहीं दे रहा। लोगों ने विभाग से मांग की है कि खंभे को तुरंत बदलकर तारों की जांच करवाई जाए। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि लापरवाही के कारण कोई हादसा हुआ तो जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।



यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India



पेज 12 मानसून संबंधी अब व्हाट्सएप के जरिए कर...

# पंजाब के बाद हरियाणा में भी कांग्रेस का मुकाबला कांग्रेस से

चंडीगढ़/यूटर्न/9 जुलाई। पंजाब में कांग्रेस आलाकमान को गुटबाजी का सामना करना पड़ा था, जहाँ नेताओं के एक धड़े ने राज्य पार्टी प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के बने रहने पर सवाल उठाए थे। अब पड़ोसी राज्य हरियाणा में भी इसी तरह की दरारें सामने आई हैं। हरियाणा कांग्रेस के नए इंचार्ज संजय दत्त द्वारा बुलाई गई पहली ओपन-हाउस मीटिंग में वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी के कामकाज को लेकर सार्वजनिक रूप से अपनी शिकायतें रखीं, जिससे राज्य इकाई के भीतर गहरी गुटबाजी उजागर हुई।

चंडीगढ़ में हुई इस बैठक में हरियाणा कांग्रेस के लगभग सभी शीर्ष नेता शामिल हुए, जिनमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सिरसा की सांसद कुमारी शैलजा, रोहतक के सांसद दीपेंद्र हुड्डा, पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह और कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला शामिल थे। नई लीडरशिप के तहत एकजुटता दिखाने के बजाय, चचाओं में संगठनात्मक मुद्दों और राज्य में पार्टी के सत्ता में वापसी न कर पाने के कारणों को लेकर अंदरूनी असंतोष उभरकर सामने आया।



## सांसद ने रखी बेबाकी से बात

बैठक में सिरसा की सांसद कुमारी शैलजा ने सबसे बेबाकी से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि पार्टी की लगातार चुनावी हार एक गंभीर सवाल खड़ा करती है और तर्क दिया कि सबसे बड़ी चुनौती जमीनी स्तर पर कार्यकताओं के बीच बंटाव है। उनके अनुसार, हर नया राज्य इंचार्ज एकजुटता की अपील के साथ शुरूआत करता है, लेकिन ये आश्वासन शायद ही कभी जमीनी स्तर पर अमल में आते हैं।

## संगठन भीतर की राजनीति खिलाफ आवाज उठाई

पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने भी संगठन के भीतर व्यक्ति-केंद्रित राजनीति के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता की पहचान किसी व्यक्ति विशेष के प्रति निष्ठा के बजाय पार्टी की विचारधारा से जुड़ी होनी चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मतभेदों को कम करके आंकने की कोशिश करते हुए कहा कि परिवारों में भी असहमति होती है। हालाँकि, उन्होंने नए इंचार्ज से आग्रह किया कि वे पार्टी कार्यकताओं को एक आक्रामक राजनीतिक कार्यक्रम दें, जिससे नेता और कार्यकर्ता बीजेपी सरकार के खिलाफ सड़कों पर एकजुट हो सकें।

## दीपेंद्र हुड्डा ने किया समर्थन

रोहतक के सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने भी इन आरोपों का समर्थन करते हुए कहा कि बीजेपी सरकार केवल जनता के जनादेश से सत्ता में नहीं आई है। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं को मतदाता सूची के 'विशेष गहन संशोधन' ( रक्फ) को लेकर सतर्क रहने की चेतावनी भी दी और आरोप लगाया कि विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के वोट कम करने की कोशिशें की जा सकती हैं। सभा को संबोधित करते हुए संजय दत्त ने सुलह-सफाई वाला रुख अपनाने की कोशिश की और इस बात पर जोर दिया कि संगठन को मजबूत करना ही सबसे जरूरी काम है। उन्होंने नेताओं से मिल-जुलकर काम करने, समाज के सभी वर्गों तक पार्टी की पहुँच बढ़ाने और एकजुटता दिखाने का आग्रह किया, ताकि कांग्रेस हरियाणा में बीजेपी को चुनौती दे सके।

- **पार्टी संगठनात्मक चुनौतियों से जूझ रही...**ये घटनाक्रम कांग्रेस के लिए राजनीतिक रूप से एक संवेदनशील समय पर हो रहे हैं, क्योंकि पार्टी उत्तर भारत में संगठनात्मक चुनौतियों से जूझ रही है। पंजाब और हरियाणा, दोनों ही जगहों पर कुछ ही दिनों के अंतराल में असंतोष खुलकर सामने आने के बाद, पार्टी नेतृत्व के सामने भविष्य के चुनावी मुकाबलों की तैयारी के साथ-साथ पार्टी के भीतर एकजुटता बहाल करने की चुनौती है।

# स्नैचिंग के खिलाफ सख्त संदेश: चंडीगढ़ जिला अदालत ने दो दोषियों को सुनाई 5-5 साल की सजा

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/09 जुलाई। शहर में लगातार बढ़ रही झपटमारी की घटनाओं पर सख्त रुख अपनाते हुए चंडीगढ़ जिला अदालत ने स्नैचिंग के एक मामले में दो दोषियों को पांच-पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोनों दोषियों पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि स्नैचिंग अब समाज के लिए एक गंभीर समस्या बन चुकी है। इस तरह की घटनाओं से सड़क पर पैदल चलने वाले लोगों और दोपहिया वाहन चालकों में डर और असुरक्षा की भावना पैदा होती है। इसलिए ऐसे अपराधों में नरमी बरतने का कोई औचित्य नहीं है। मामला 17 फरवरी 2024 का है।



एफसीआई राजपुरा में मजदूरी करने वाले राम अवध रात करीब 9.40 बजे हल्लोमाजरा लाइट प्वाइंट से सुंदरनगर स्थित अपने घर की ओर पैदल जा रहे थे। इसी दौरान दो युवकों ने उन्हें रोककर उनका मोबाइल फोन, आधार कार्ड और पांच हजार रुपये छीन लिए और फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए करीब एक सप्ताह बाद दड़वा निवासी राहुल सैनी उर्फ छैला और राबिन कुमार उर्फ जट्ट को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से शिकायतकर्ता का मोबाइल फोन, आधार कार्ड और 1,300 रुपये बरामद किए गए, जिनकी पहचान पीड़ित ने कर ली। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने दलील दी कि आरोपियों की गिरफ्तारी घटना के सात दिन बाद हुई, शिकायत में उनका हुलिया दर्ज नहीं था और बरामदगी के समय कोई स्वतंत्र गवाह मौजूद नहीं था। हालांकि अदालत ने इन सभी तर्कों को खारिज करते हुए कहा कि हर शिकायत में आरोपियों का विस्तृत हुलिया दर्ज होना कानूनी रूप से अनिवार्य नहीं है। साथ ही, यदि पुलिस अधिकारियों की गवाही विश्वसनीय और सुसंगत है तो केवल स्वतंत्र गवाह के अभाव में अभियोजन का मामला कमजोर नहीं माना जा सकता।

# दोपहिया वाहन चोरी के मामले में बड़ी सफलता, आदतन चोर गिरफ्तार; चार चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद



चंडीगढ़/यूटर्न/09 जुलाई। चंडीगढ़ पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी के मामलों में बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक आदतन वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की निशानदेही पर चार चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। महिला एसएसपी कंवरदीप कौर और एसपी सिटी के.एम. प्रियंका के निर्देश तथा एसडीपीओ साउथ/वेस्ट धीरज कुमार और सेक्टर-39 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जय प्रकाश सिंह की निगरानी में पुलिस पोस्ट पलसौरा की टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार ई-एफआईआर नंबर 000785, दिनांक 18 जून 2026 को सेक्टर-38/सी निवासी अमित कुमार की शिकायत पर थाना सेक्टर-39 में मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया था कि उनकी मोटरसाइकिल (सीएच-01बीएक्स-3467) सेक्टर-40बी स्थित मकान नंबर-1065 के बाहर पार्किंग से चोरी हो गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और गुप्त सूचना के आधार पर 8 जुलाई को मोहाली के गुरु नानक कॉलोनी, बड़ माजरा निवासी 30 वर्षीय सोनू सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी के कब्जे से शिकायतकर्ता की चोरी हुई मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अन्य वाहन चोरी की वारदातों का भी खुलासा किया। उसकी निशानदेही पर तीन अन्य चोरी की मोटरसाइकिलें, जिनमें एक सेक्टर-34 थाने में दर्ज एक अन्य वाहन चोरी के मामले से संबंधित है, बरामद की गईं। बरामद मोटरसाइकिलों में सीएच-01सीवी-5804, पीबी-65एस-1579 और यूके-16बी-0280 शामिल हैं।

# 10 जुलाई को दोपहर 12:30 से 2 बजे तक शहर के कई मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्ट रहेगा

चंडीगढ़/यूटर्न/09 जुलाई। शहर में 10 जुलाई को विशेष व्यवस्थाओं के मद्देनजर दोपहर 12:30 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक कई प्रमुख मार्गों पर यातायात आंशिक रूप से प्रतिबंधित और डायवर्ट रहेगा। चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने और यात्रा के दौरान अतिरिक्त समय लेकर निकलने की अपील की है। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार सेक्टर-20/21-34/33 चौक से सेक्टर-18/19-20/21 चौक की ओर जाने वाले मार्ग पर यातायात प्रभावित रहेगा। इसके अलावा सेक्टर-18/19-20/21 चौक से सेक्टर-22/23-16/17 चौक (क्रिकेट स्टेडियम चौक) तक उद्योग पथ पर भी वाहनों की आवाजाही आंशिक रूप से प्रतिबंधित रहेगी।

इसी प्रकार सेक्टर-16/17-22/23 चौक से सेक्टर-9/10-16/17 चौक (मटका चौक) तक जन मार्ग पर भी ट्रैफिक डायवर्जन लागू रहेगा। चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे यात्रा के लिए वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करें और ट्रैफिक से जुड़ी रियल-टाइम जानकारी के लिए चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (@trafficchd), इंस्टाग्राम (@trafficchd) और फेसबुक (@ChandigarhTrafficPolice) पर जारी अपडेट्स का पालन करें। पुलिस ने कहा कि विशेष व्यवस्थाओं के दौरान नागरिकों के सहयोग की अपेक्षा है और असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है।

## रॉयल एस्टेट सोसायटी में 40 वर्षीय युवक ने लगाया फंदा

जीरकपुर/यूटर्न/09 जुलाई। जीरकपुर के रॉयल एस्टेट सोसायटी में 40 वर्षीय एक युवक ने कथित रूप से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान विजय के रूप में हुई है, जो मूल रूप से हरियाणा का निवासी था और पिछले काफी समय से अपने परिवार के साथ रॉयल एस्टेट स्थित फ्लैट में रह रहा था। वह हरियाणा लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में सुपरिंटेंडेंट के पद पर कार्यरत था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बुधवार रात विजय और उसकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर हल्का-फुल्का विवाद हुआ था। इसके बाद विजय कमरे में चला गया और कथित तौर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता चलने पर परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**WhatsApp Chat कब Court में Evidence बनती है?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

आज के समय में अधिकांश बातचीत WhatsApp पर होती है। परिवार, व्यापार, लेन-देन और यहां तक कि कानूनी विवादों में भी WhatsApp Chats महत्वपूर्ण भूमिका निभाने लगी हैं। ऐसे में यह सवाल अक्सर पूछा जाता है कि क्या WhatsApp Chat को Court में Evidence के रूप में पेश किया जा सकता है?

उत्तर है—हाँ, लेकिन हर Chat अपने आप Evidence नहीं बन जाती।

यदि WhatsApp Chat किसी विवाद से सीधे जुड़ी हो और उससे किसी महत्वपूर्ण तथ्य का पता चलता हो, तो उसे Court में प्रस्तुत किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, पैसे के लेन-देन, किसी Agreement, धमकी, स्वीकारोक्ति (Admission) या अन्य महत्वपूर्ण बातचीत से जुड़ी Chats कई मामलों में उपयोगी साबित हो सकती हैं।

हालांकि, केवल Chat का Screenshot दिखा देना ही पर्याप्त नहीं होता। Court यह भी देखती है कि Chat वास्तविक (Genuine) है या नहीं, उसमें किसी प्रकार की छेड़छाड़ (Tampering) तो नहीं हुई, और उसे कानून के अनुसार प्रस्तुत किया गया है या नहीं।

आज के समय में मोबाइल बदल जाना, Message Delete हो जाना या Screenshot Edit कर देना भी संभव है। इसलिए Electronic Evidence की सत्यता (Authenticity) बहुत महत्वपूर्ण होती है।

कई लोग यह मान लेते हैं कि WhatsApp पर लिखी हर बात Court में अंतिम सबूत बन जाएगी। जबकि वास्तविकता यह है कि Court हर Electronic Evidence की विश्वसनीयता और परिस्थितियों की जांच करती है।

निष्कर्ष : WhatsApp Chat Court में Evidence बन सकती है, लेकिन उसकी सच्चाई और कानूनी स्वीकार्यता साबित करना जरूरी होता है। इसलिए WhatsApp पर भेजा गया हर संदेश सोच-समझकर भेजें, क्योंकि वह भविष्य में कानूनी महत्व भी रख सकता है।

# रथयात्रा ने भगवान जगन्नाथ को जन-जन से जोड़ा, रथ की रस्सी खींचना भी महान पुण्य का कार्य : अनूप थापर











लुधियाना/यूटर्न/09 जुलाई। इस्कॉन एवं भगवान जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव कमेटी की ओर से 16 जुलाई को शाम 4 बजे श्री दुर्गा माता मंदिर, जगराओं पुल से निकाली जाने वाली 30वीं भव्य भगवान जगन्नाथ रथयात्रा को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है। विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं व्यावसायिक संस्थाएं इस महोत्सव में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभा रही हैं। परम जगन्नाथ सेवक एवं जेबीएम एनर्जी रिसोर्सिस प्रा. लि. के मालिक अनूप थापर तथा सौरभ थापर ने निमंत्रण पत्र स्वीकार करते हुए कहा कि श्रील प्रभुपाद ने भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा को विश्वभर में स्थापित कर लाखों लोगों को प्रभु की भक्ति से जोड़ने का महान कार्य किया। आज रथयात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रेम, सेवा, सद्भाव और मानवता का संदेश देने वाला वैश्विक उत्सव बन चुकी है। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ जब स्वयं रथ पर विराजमान होकर भक्तों के बीच आते हैं तो यह उनकी असीम कृपा, वात्सल्य और भक्तवत्सल स्वरूप का प्रतीक होता है। रथयात्रा में शामिल होकर भगवान के दर्शन करना, रथ के दर्शन करना, उसकी रस्सी को स्पर्श करना अथवा रथ को खींचना भी सनातन परंपरा में अत्यंत पुण्यदायी माना गया है। ऐसी मान्यता है कि श्रद्धा एवं भक्ति के साथ रथ की रस्सी खींचने से भगवान की विशेष कृपा प्राप्त होती है तथा जीवन में सुख, शांति और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है।


### रॉयल्टी ज्वेलर्स करेगा भगवान जगन्नाथ जी महाआरती : सतीश वर्मा

परम जगन्नाथ सेवक एवं रॉयल्टी ज्वेलर्स के मालिक सतीश वर्मा ने कहा कि भगवान जगन्नाथ जी की सेवा, महाआरती एवं दर्शन का सौभाग्य हर किसी को प्राप्त नहीं होता। उन्होंने कहा कि वे स्वयं को अत्यंत सौभाग्यशाली मानते हैं कि उन्हें भगवान जगन्नाथ जी की महाआरती करने का पावन अवसर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह सेवा उनके जीवन का अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव होगी तथा वे इसे प्रभु की असीम कृपा मानते हैं।

## रूह से रूबरू



चारू नागपाल




### लो, फिर से अमरीका और ईरान का युद्धविराम समझौता टूट गया, और पूरी दुनिया सहम उठी

एक बार फिर ईरान से जुड़ा युद्धविराम समझौता टूटने की खबर ने पूरी दुनिया की चिंता बढ़ा दी है। दोनों देशों में संघर्ष दोबारा तेज होने से मध्य-पूर्व में तनाव बढ़ गया है और वैश्विक शांति पर प्रश्नचिह्न लग गया है। आज के दौर में किसी एक क्षेत्र में होने वाला युद्ध केवल वहीं तक सीमित नहीं रहता। तेल की कीमतों में बढ़ोतरी, अंतरराष्ट्रीय व्यापार में बाधा, शेयर बाजार में गिरावट और आम लोगों की महंगाई जैसी समस्याएँ पूरी दुनिया को प्रभावित करती हैं। यही कारण है कि ईरान से जुड़ा हर सैन्य टकराव वैश्विक चिंता का विषय बन जाता है। युद्ध किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता। इससे केवल जान-माल की हानि, आर्थिक संकट और मानवीय पीड़ा बढ़ती है। विश्व के सभी देशों को चाहिए कि वे संवाद, कूटनीति और आपसी सहयोग के माध्यम से विवादों का समाधान खोजें। यदि समय रहते शांति स्थापित नहीं हुई, तो इसका असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था और सुरक्षा पर अब की बार बहुत गहरा पड़ सकता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि युद्ध नहीं, बल्कि शांति, विश्वास और सहयोग को प्राथमिकता दी जाए। तभी विश्व सुरक्षित और समृद्ध भविष्य की ओर बढ़ सकेगा।

# भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा के उपलक्ष्य में इस्कॉन मंदिर की भव्य संध्या फेरी, भक्तिमय हुआ वातावरण



लुधियाना/यूटर्न/9 जुलाई। इस्कॉन मंदिर, सिविल लाइंस, लुधियाना के अध्यक्ष नरोत्तमानंद दास जी ने बताया कि भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथयात्रा के उपलक्ष्य में गुरुवार को भव्य संध्या फेरी का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया।

संध्या फेरी प्रवीण गुप्ता के निवास, वृंदावन रोड से प्रारंभ हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और भक्तों ने भाग लिया। पूरे मार्ग में हरे कृष्ण महामंत्र के संकीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान का रंग-बिरंगे पुष्पों से भव्य स्वागत किया तथा श्रद्धाभाव से आरती उतारकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया।

नरोत्तमानंद दास ने कहा कि भगवान के नाम का संकीर्तन एवं संध्या फेरी समाज में आध्यात्मिक चेतना, प्रेम और सद्भाव का संदेश देती है तथा लोगों को भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति से जोड़ने का माध्यम बनती है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन को सफल बनाने में विजय धीर, वीरेंद्र शर्मा, दिनेश जैन (रस रसिक प्रभुजी) एवं आत्री प्रभुजी का विशेष सहयोग रहा।


# 15 साल बाद भी नहीं मिला प्लॉट, उपभोक्ता आयोग ने बिल्डर को रकम ब्याज समेत लौटाने के दिए निर्देश

संदीप कुमार

मोहाली/यूटर्न/09 जुलाई। जिला उपभोक्ता आयोग मोहाली ने करीब 15 वर्ष पुराने प्लॉट विवाद में शिकायतकर्ता के पक्ष में फैसला सुनाते हुए बिल्डर को जमा राशि ब्याज सहित लौटाने का आदेश दिया है। आयोग ने साथ ही मानसिक प्रताड़ना और मुकदमेबाजी के खर्च के लिए 50 हजार रुपये का मुआवजा देने के निर्देश भी दिए हैं।

शिकायतकर्ता ने आयोग को बताया कि उसने एक सितंबर 2011 को स्काई रॉक वेलफेयर सोसायटी की सदस्यता लेकर सेक्टर-110, 111 और 112, मोहाली में 150 वर्ग गज का आवासीय प्लॉट 12,700 रुपये प्रति वर्ग गज की दर से बुक कराया था। इसके लिए सदस्यता शुल्क के अलावा 13 मई 2012 को 4.76 लाख रुपये जमा कराए थे। सोसायटी की शर्तों के अनुसार दो वर्ष के भीतर भूमि विकसित कर प्लॉट का कब्जा दिया जाना था।

**शिकायत के अनुसार वर्ष 2013 में सोसायटी ने प्रमोटर...**लाइसेंस बहाल होने का हवाला देते हुए शेष राशि जमा कराने के लिए पत्र भेजा। वर्ष 2015 में




शिकायतकर्ता ने प्लॉट का कब्जा मांगा तो उसे जनवरी 2016 तक विकास कार्य पूरा कर कब्जा देने का भरोसा दिया गया, लेकिन वर्षों बाद भी न तो प्लॉट का कब्जा मिला और न ही राशि वापस की गई।

आयोग के समक्ष सुनवाई के दौरान विपक्षी पक्ष नोटिस मिलने के बावजूद पेश नहीं हुआ, जिसके चलते उसके खिलाफ एकतरफा कार्रवाई की गई। रिकॉर्ड पर उपलब्ध दस्तावेजों और साक्ष्यों के आधार पर आयोग ने माना कि शिकायतकर्ता के आरोपों का कोई खंडन नहीं किया गया। आयोग ने यह भी उल्लेख किया कि वर्ष 2018 में जीएमएडीए ने संबंधित परियोजना के प्रमोटर का लाइसेंस रद्द कर आम लोगों को वहां किसी भी प्रकार की खरीद-फरोख्त से बचने की सार्वजनिक चेतावनी जारी की थी। आयोग ने अपने आदेश में बिल्डर को 4,86,250 रुपये की जमा राशि संबंधित जमा तिथियों से नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित 30 दिन के भीतर लौटाने के निर्देश दिए हैं। तय समय में भुगतान नहीं करने पर यह राशि 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ अदा करनी होगी।

# एमजीएम प्रिंसिपल 'नेशनल प्रिंसिपल अवार्ड' से सम्मानित

लुधियाना/यूटर्न/08 जुलाई। एमजीएम पब्लिक स्कूल के लिए गर्व और खुशी का पल, प्रिंसिपल श्रीमती रंजना कौशल को 'एक उपदेश मीडिया' के 'एजुकेशन एक्सीलेंस कॉन्क्लेव' में 'नेशनल प्रिंसिपल अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि उनके समर्पण, काबिलियत और पढ़ाने के तरीकों को बेहतर बनाने तथा शिक्षा जगत की बदलती जरूरतों के साथ तालमेल बिठाने की उनकी लगातार कोशिशों का सबूत है। उन्होंने साबित कर दिया कि सही दिशा और सकारात्मक सोच के साथ छात्रों में शिक्षा को आसानी से उतारा जा सकता है। डायरेक्टर श्री गज्जन सिंह थिंद ने उन्हें सम्मानित किया और उनकी इस शानदार उपलब्धि पर एमजीएम का पूरा स्टाफ गर्व से भरा हुआ है।




# फलदार बूटे लगवा कर अपनी आनी वाली नस्लों की सेहत सम्बन्धी चिंताओं को दूर करेगा अपैक्स क्लब : सुरिंदर अग्रवाल

## अपैक्स क्लब लुधियाना द्वारा 12 अगस्त को चेहलां में लगने ट्री प्लांटेशन के लिए आँचल गोयल ने स्पांसर किये सभी प्लांट

लुधियाना/यूटर्न/08 जुलाई। फल कुदरत द्वारा इंसान को बख्शी गई नियामतों में सबसे बड़ी नियामत हैं और इसका इंसान की सेहत के साथ बहुत गहरा ताल्लुक है! फल हमारे स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभदायक होते हैं और इनमें विटामिन, खनिज, रेशा (फाइबर) तथा अनेक पोषक तत्व पाए जाते हैं जिनसे शरीर स्वस्थ रहता है! फल पाचन क्रिया को बेहतर बनाते हैं, प्राकृतिक ऊर्जा प्रदान करते हैं और शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता को मजबूत करते हैं! अपैक्स क्लब आफ लुधियाना ने पर्यावरण सुधार और आगामी नस्लों की सेहत सम्बन्धी जरूरतों के मद्देनजर 12 जुलाई को सुबह 10 बजे से समराला के नजदीक



चेहलां स्थित मुकतेश्वर मुक्तिधाम शिवमंदिर के प्रांगण में फलदार बूटों का कैंप लगाने का निर्णय लिया है! एक प्रेस नोट के माध्यम से मीडिया के साथ यह जानकारी साँझा करते हुए क्लब के लाइफ गवर्नर सुरिंदर अग्रवाल ने बताया है कि वृक्षारोपण के इस कार्यक्रम में क्लब सदस्य अपने परिवार, मेहमानों व बच्चों सहित शामिल होंगे ताकि उनको भी वृक्षारोपण के महत्व के बारे में जागरूक किया जा सके! वृक्षारोपण के इस कार्यक्रम में लगाए जाने वाले सभी फलदार बूटे क्लब सदस्य आँचल गोयल व उनके परिवार द्वारा स्पांसर किये जा रहे हैं और कार्यक्रम की समाप्ति पर लंगर की व्यवस्था मंदिर कमेटी द्वारा की गई है!

# नया आयकर अधिनियम 2025: पुराने मामलों और नोटिसों पर CBDT ने जारी की बड़ी स्पष्टीकरण गाइडलाइन

लुधियाना/यूटर्न/08 जुलाई। देश में 1 अप्रैल 2026 से नया आयकर अधिनियम, 2025 (Income-tax Act, 2025) लागू हो चुका है, जिसने 60 साल से अधिक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 की जगह ली है। इस बड़े बदलाव के बाद करदाताओं और कानूनी विशेषज्ञों के बीच पुराने लंबित मामलों, नोटिसों और टैक्स रिकवरी को लेकर कई तरह के भ्रम बने हुए थे। इस असमंजस को दूर करने के लिए केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) ने 6 जुलाई 2026 को एक आधिकारिक ज्ञापन F.No.370149/107/2026-TPL (Office Memorandum) जारी कर विस्तार से स्पष्टीकरण (FAQs) जारी किया है।

CBDT ने नए कानून की धारा 536 (Repeals and Savings) के तहत संक्रमणकालीन प्रावधानों (Transition Provisions) की व्याख्या की है, ताकि पुराने से नए कानून में बदलाव की प्रक्रिया बिना किसी रुकावट के पूरी हो सके।

क्या हैं CBDT के मुख्य स्पष्टीकरण?

**समन और नोटिस (Summons & Notices):** CBDT ने साफ किया है कि 1 अप्रैल 2026 से पहले की अवधि (टैक्स वर्ष 2025-26 और उससे पहले) से जुड़े असेसमेंट या जांच मामलों में पुराने कानून (1961 एक्ट) की धारा 131 के तहत समन जारी किए जा सकते हैं। वहीं, टैक्स वर्ष 2026-27 या उसके बाद के मामलों के लिए नए अधिनियम 2025 की धारा 246 का उपयोग किया जाएगा।

**सर्च और जब्ती (Search & Seizure):** यदि कोई सर्च या जब्ती की कार्रवाई 1 अप्रैल 2026 से पहले शुरू की गई थी, तो उससे जुड़ी आगे की सभी जांच और असेसमेंट प्रक्रियाएं पुराने आयकर अधिनियम, 1961 के तहत ही चलती रहेंगी। इसके विपरीत, 1 अप्रैल 2026 या उसके बाद होने वाली सभी नई सर्च कार्रवाइयों पर पूरी तरह से नया कानून 2025 लागू होगा।



**लंबित आवेदन और सर्टिफिकेट (TDS & Exemption Applications):** धारा 12AB या 80G के तहत जो आवेदन 31 मार्च 2026 तक लंबित थे और जिनमें टैक्स वर्ष 2026-27 या उसके बाद के लिए मंजूरी मांगी गई है, उन्हें प्रशासनिक रूप से नए कानून के तहत ही प्रोसेस किया जाएगा। इसी तरह, लोअर टीडीएस सर्टिफिकेट (LDC) के नए आवेदन भी अब पूरी तरह नए कानून के दायरे में आएंगे।

**जुर्माना और अभियोजन (Penalty & Prosecution):** डिफॉल्ट की तारीख और संबंधित टैक्स वर्ष के आधार पर ही यह तय होगा कि कार्रवाई पुराने कानून के तहत होगी या नए कानून के तहत।

विशेषज्ञों की राय: करदाताओं को मिलेगी बड़ी राहत इस महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण पर देश के जाने-माने कानूनी मामलों के जानकार और टैक्स एक्सपर्ट करन चावला, एडवोकेट ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा: "CBDT द्वारा जारी किए गए ये FAQs टैक्स प्रोफेशनल्स और करदाताओं दोनों के लिए बेहद मददगार साबित होंगे। पुराने और नए कानून के बीच क्षेत्राधिकार (Jurisdiction) को लेकर जो उलझनें थीं, उन्हें विभाग ने पूरी तरह स्पष्ट कर दिया है। एडवोकेट करन चावला ने आगे कहा कि इस गाइडलाइन से अदालतों और ट्रिब्यूनल में अनावश्यक मुकदमों की संख्या में कमी आएगी और करदाताओं को यह स्पष्ट रूप से पता होगा कि उनके पुराने मामलों पर किस प्रक्रिया के तहत सुनवाई होनी है। यह पारदर्शिता 'इज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा देने की दिशा में एक स्वागत योग्य कदम है।"

**निष्कर्ष :** CBDT के इस कदम से साफ है कि सरकार नए कानून को सुचारू रूप से लागू करने के साथ-साथ पुराने मामलों के निपटारे में भी किसी प्रकार की प्रक्रियात्मक देरी या कानूनी अड़चन नहीं चाहती। करदाताओं को अब अपने पुराने नोटिसों का जवाब देने से पहले केवल संबंधित वित्तीय वर्ष और लागू होने वाली धाराओं की तारीखों का ध्यान रखना होगा।

# चंडीगढ़ में झमाझम बारिश से मौसम सुहाना, कई इलाकों में जलभराव और जाम से लोग परेशान

चंडीगढ़/यूटर्न/09 जुलाई। चंडीगढ़ में गुरुवार सुबह से हो रही लगातार बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया। एक ओर लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली, वहीं दूसरी ओर शहर के कई हिस्सों में जलभराव और ट्रैफिक जाम के कारण जनजीवन प्रभावित रहा। प्रमुख सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं और लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।



बारिश के चलते शहर के तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार चंडीगढ़ का अधिकतम तापमान सामान्य से 2.4 डिग्री सेल्सियस कम होकर 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में 4.6 डिग्री सेल्सियस की कमी आई है। वहीं न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य के करीब है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक हवा में अधिकतम सापेक्ष आर्द्रता 85 प्रतिशत और न्यूनतम 70 प्रतिशत दर्ज की गई। विभाग का कहना है कि चंडीगढ़ में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो चुका है और आगामी दिनों में भी बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 9 से 13 जुलाई तक शहर में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होती रहेगी। 9 और 10 जुलाई को अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। इसके अलावा 11 से 13 जुलाई के बीच तापमान में मामूली बढ़ोतरी हो सकती है और अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। मौसम विभाग ने 9 जुलाई को शहर के कुछ इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। साथ ही 10, 11 और 12 जुलाई को भी अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है। हालांकि 13 और 14 जुलाई से भारी बारिश से कुछ राहत मिलने के संकेत हैं।

# डड्डूमाजरा डंपिंग ग्राउंड पर श्रेय की लड़ाई, कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लक्की ने भाजपा को घेरा





चंडीगढ़/यूटर्न/09 जुलाई। चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एच.एस. लक्की ने भाजपा शासित नगर निगम पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि डड्डू माजरा डंपिंग ग्राउंड को लेकर आज भारतीय जनता पार्टी जिस प्रकार श्रेय लेने की कोशिश कर रही है, वह जनता को गुमराह करने का प्रयास है। सच्चाई यह है कि यह किसी भाजपा की उपलब्धि नहीं, बल्कि वर्षों तक चले जनसंघर्ष, कांग्रेस के लगातार आंदोलनों, सांसद मनीष तिवारी के निरंतर प्रयासों तथा पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की सख्त निगरानी और एनजीटी के हस्तक्षेप का परिणाम है।

एच.एस. लक्की ने कहा कि वर्षों तक डड्डूमाजरा, धनास, मलोया, कॉलोनी तथा आसपास के हजारों परिवारों को डंपिंग ग्राउंड से उठने वाली बदबू, प्रदूषण और अस्वास्थ्यकर वातावरण में जीवन बिताने के लिए मजबूर होना पड़ा।

लोगों के स्वास्थ्य पर इसका गंभीर असर पड़ा, लेकिन भाजपा शासित नगर निगम और प्रशासन लंबे समय तक मूकदर्शक बने रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने इस मुद्दे को कभी मरने नहीं दिया। सांसद मनीष तिवारी ने लगातार डड्डू माजरा के लोगों की आवाज को बुलंद किया। उन्होंने न केवल स्थानीय स्तर पर प्रशासन और नगर निगम पर दबाव बनाया, बल्कि इस गंभीर विषय को देश की संसद में भी उठाकर चंडीगढ़ की जनता की पीड़ा पूरे देश के सामने रखी।

# पद्मश्री से सम्मानित आई.जे.एस. सिद्धू का एनएचआरएसीएफ चंडीगढ़ ने किया सम्मान

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/09 जुलाई। नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड एंटी-करप्शन फोर्स (एनएचआरएसीएफ), चंडीगढ़ के अध्यक्ष एवं स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसडर कमलजीत सिंह पंछी, चेयरमैन अनिल वोहरा तथा संगठन के अन्य सदस्यों ने पद्मश्री सम्मानित आई.जे.एस. सिद्धू, आईपीएस (सेवानिवृत्त) के निवास स्थान पर पहुंचकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। हाल ही में भारत के राष्ट्रपति द्वारा समाज के प्रति उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए आई.जे.एस. सिद्धू को देश के प्रतिष्ठित पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।



इस अवसर पर एनएचआरएसीएफ के प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पवित्र सिरोपा, शॉल, पुष्पगुच्छ, स्मृति-चिन्ह, लड्डुओं का डिब्बा और प्रशंसा-पत्र भेंट कर सम्मानित किया तथा राष्ट्र और समाज के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवाओं के लिए आभार व्यक्त किया।

# हर बारिश में डूबता जीरकपुर, जलभराव पर किसान नेता रुस्तम मोरिंडा ने प्रशासन से पूछे सवाल

जीरकपुर/यूटर्न/09 जुलाई। बरसात शुरू होते ही जीरकपुर में जलभराव की समस्या फिर लोगों के लिए परेशानी बन गई है। शहर की सड़कों, गलियों और रिहायशी इलाकों में पानी जमा होने को लेकर भारतीय किसान यूनियन पुआध के वरिष्ठ प्रधान रुस्तम मोरिंडा ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। रुस्तम मोरिंडा ने कहा कि हर साल बारिश के दौरान जीरकपुर की यही हालत हो जाती है। कई जगह वाहन पानी में फंस जाते हैं, लोगों के घरों में पानी घुस जाता है और आम जनजीवन प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि यह समस्या नई नहीं है, लेकिन इसके स्थायी समाधान के लिए गंभीर प्रयास नजर नहीं आते।



उन्होंने कहा कि चुनाव के समय विकास के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन बरसात का पानी उन दावों की सच्चाई सामने ला देता है। चुनाव खत्म होते ही जनता की समस्याएं पीछे छूट जाती हैं और हालात जस के तस बने रहते हैं। मोरिंडा ने कहा कि नगर कौंसिलों और समितियों के गठन को लेकर राजनीतिक खींचतान चल रही है। यदि जनप्रतिनिधि आपसी मतभेदों में उलझे रहेंगे तो शहर के जरूरी विकास कार्य प्रभावित होंगे। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि मतभेद भुलाकर जलभराव जैसे जनहित के मुद्दों पर मिलकर काम करें।

# बारिश में धंसा गाजीपुर काजवे, भारी वाहनों की आवाजाही खतरनाक

## सुखना-चो के बहाव से बह गई मिट्टी, काजवे के चार पाइप धंसे



जीरकपुर/यूटर्न/09 जुलाई। लगातार बारिश ने गाजीपुर गांव की आवाजाही पर संकट खड़ा कर दिया है। सुखना-चो पर बना गाजीपुर काजवे तेज बहाव के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है। काजवे के नीचे की मिट्टी बह जाने से बीच के चार पाइप धंस गए हैं, जिससे यह रास्ता अब हादसे को न्योता देता दिखाई दे रहा है। नगर परिषद ने पिछले वर्ष ही इस काजवे को असुरक्षित घोषित कर ड्रेनेज विभाग को रिपोर्ट भेजी थी। इसके अलावा उपायुक्त मोहाली और पुलिस प्रशासन को पत्र लिखकर काजवे को बंद करने और सुरक्षा संबंधी कदम उठाने की सिफारिश भी की गई थी। बारिश के बाद इसकी हालत और खराब हो गई है।

फिलहाल छोटे वाहन किसी तरह यहां से गुजर रहे हैं, लेकिन भारी वाहनों की आवाजाही बेहद जोखिम भरी बताई जा रही है। नगर परिषद अधिकारियों के अनुसार, भारी वाहन गुजरने से काजवे को और नुकसान हो सकता है और हादसा भी हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि हर मानसून में यही समस्या दोहराई जाती है। गांव तक पहुंचने के लिए दो मुख्य रास्ते हैं। एक इसी काजवे से होकर जाता है, जबकि दूसरा मुबारिकपुर-ढकोली रोड के रेलवे अंडरपास से। बारिश में काजवे पर पानी आ जाता है और अंडरपास में जलभराव हो जाता है, जिससे लोगों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित होती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बरसात खत्म होने का इंतजार किए बिना तुरंत मरम्मत शुरू करवाई जाए, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

# खन्ना हाईवे फायरिंग: फिरौती की कहानी पर पुलिस को शक, प्रोफेसर का रिकॉर्ड भी जांच के दायरे में



खन्ना/यूटर्न/9 जुलाई। खन्ना के नेशनल हाईवे पर पटियाला के प्रोफेसर और राजनीतिक नेता सुमेर सीड़ा पर हुई फायरिंग और कथित फिरौती के मामले में एक नया मोड़ आ गया है। खन्ना सिटी थाना 1 में दर्ज एफआईआर के बाद जांच में जुटे अधिकारियों के सामने कुछ ऐसे हैरान करने वाले तथ्य आए हैं, जिन्होंने इस हाई-प्रोफाइल मामले को उलझा दिया है। पुलिस अब इसे एक सामान्य फिरौती का मामला मानने को तैयार नहीं है और जांच का दायरा बढ़ा दिया गया है।खन्ना पुलिस की सुई फिलहाल फिरौती से ज्यादा किसी गहरी साजिश की तरफ घूमती नजर आ रही है। जांच टीम को मिले डिजिटल साक्ष्यों और घटनाक्रम में कई ऐसी बातें सामने आई हैं जो संगठित फिरौती के मामलों से बिल्कुल अलग हैं। हाईवे पर हुई इस सनसनीखेज फायरिंग के पीछे की असल कहानी क्या है, इसका खुलासा अब पूरी तरह से सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन और सोशल मीडिया रिकॉर्ड की फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा।

### 50 हजार से 5 हजार पर आया आरोपी

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपी और प्रोफेसर के बीच हुई फेसबुक चैट में शुरूआत में 50 हजार रुपये की मांग की गई थी, लेकिन बाद में आरोपी रकम घटाकर सिर्फ 5 हजार रुपये मांगने लगा। आमतौर पर फिरौती मांगने वाले गैंगस्टर डराने-धमकाने का तरीका अपनाते हैं, लेकिन इस चैट में आरोपी की तरफ से हाथ जोड़ने और रोने वाले इमोजी भेजे गए हैं। पुलिस इस पूरे डिजिटल रिकॉर्ड की फोरेंसिक जांच करवा रही है। शिकायतकर्ता प्रो. सुमेर सीड़ा का दावा है कि फिरौती मांगने वाले ने उन्हें वीडियो कॉल भी की थी। पुलिस का मानना है कि पेशेवर अपराधी पहचान उजागर होने के डर से कभी वीडियो कॉल नहीं करते।

# तस्करों का पीछा करते हुए पुलिस की गाड़ी दीवार से टकराई, एसएचओ गंभीर जख्मी



पंजाब/यूटर्न/9 जुलाई। नाभा में गांव धंगेड़ा के पास देर रात तस्करों की कार का पीछा कर रही पुलिस की कार हादसाग्रस्त हो गई। थाना सदर नाभा के प्रभारी जसप्रीत सिंह की सरकारी गाड़ी दीवार से टकरा गई। इस भीषण टक्कर में एसएचओ जसप्रीत सिंह गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं, जबकि तस्कर अपनी गाड़ी मौके पर ही छोड़कर भाग निकले। जानकारी के अनुसार, थाना सदर नाभा के एसएचओ जसप्रीत सिंह को सूचना मिली थी, जिसके आधार पर उन्होंने पुलिस टीम के साथ संदिग्ध तस्करों की घेराबंदी की। पुलिस को देखकर तस्करों ने अपनी गाड़ी भगा ली, जिसके बाद पुलिस पार्टी ने उनका पीछा करना शुरू किया। पीछा करने के दौरान गांव धंगेड़ा के पास दोनों गाड़ियों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि पुलिस वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और एसएचओ जसप्रीत सिंह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों की मदद से घायल एसएचओ जसप्रीत सिंह को तुरंत नाभा के सिविल अस्पताल ले जाया गया। वहाँ डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिया, लेकिन उनकी गंभीर हालत को देखते हुए और बेहतर इलाज के लिए उन्हें तुरंत पटियाला के सरकारी राजिंदरा अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया, जहाँ उनका इलाज जारी है।

# 15 साल से हर महीने राशन, अब दिव्यांग को दी व्हीलचेयर

## रॉयल ग्रुप ने सेवा की मिसाल पेश की, जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचा रहा राशन



जीरकपुर/यूटर्न/09 जुलाई। समाजसेवा केवल दिखावे या एक दिन के अभियान तक सीमित नहीं होती, बल्कि वर्षों तक निभाई गई जिम्मेदारी ही असली सेवा कहलाती है। ऐसी ही मिसाल जीरकपुर के रॉयल ग्रुप ने पेश की है। ग्रुप की ओर से बुधवार को चंडीगढ़ के बहलाना निवासी एक दिव्यांग व्यक्ति को व्हीलचेयर भेंट की गई।

ग्रुप सदस्यों ने बताया कि उक्त व्यक्ति पिछले करीब 17-18 वर्षों से बिस्तर पर है। रॉयल ग्रुप पिछले 15 वर्षों से उसे हर महीने राशन उपलब्ध करवा रहा है। अब उसकी जरूरत को देखते हुए व्हीलचेयर दी गई है, ताकि परिवार को कुछ राहत मिल सके। रॉयल ग्रुप के अनुसार, वर्तमान में 15 अन्य जरूरतमंद परिवारों को भी हर महीने घर जाकर राशन दिया जाता है। इसके अलावा ग्रुप अब तक 66 जरूरतमंद बेटियों के विवाह में भी सहयोग कर चुका है। ग्रुप सदस्यों का कहना है कि जरूरतमंदों की सेवा ही उनका मुख्य उद्देश्य है और यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

# ढिल्लों परिवार के साथ खड़ी दिखी कांग्रेस, अस्पताल पहुंचे वड़िंग और बघेल



डेराबस्सी/यूटर्न/09 जुलाई। डेराबस्सी के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दीपइंदर सिंह ढिल्लों के परिवार के साथ एकजुटता दिखाते हुए पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग और पंजाब कांग्रेस प्रभारी भूपेश बघेल वीरवार को अस्पताल पहुंचे। दोनों नेताओं ने ढिल्लों परिवार से मुलाकात कर बच्चे के स्वास्थ्य की जानकारी ली और परिवार का हौसला बढ़ाया। जानकारी के अनुसार दीपइंदर सिंह ढिल्लों के पुत्र उदयवीर सिंह ढिल्लों के बेटे का हाल ही में ऑपरेशन हुआ था। इसी के चलते कांग्रेस नेतृत्व ने अस्पताल पहुंचकर बच्चे की सेहत और उपचार संबंधी जानकारी डॉक्टरों से ली। उन्होंने परिवार को भरोसा दिलाया कि पार्टी इस मुश्किल समय में उनके साथ खड़ी है। वड़िंग और बघेल ने कहा कि दीपइंदर सिंह ढिल्लों का परिवार लंबे समय से कांग्रेस से जुड़ा हुआ है और पार्टी के लिए उनका योगदान अहम रहा है। उन्होंने बच्चे के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान कांग्रेस के कई नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# सीसीटीवी में कैद हुई कॉलोनी की रेकी, दीवार फांदकर गैस सिलेंडर व जूते ले उड़े चोर

## कॉलेज कॉलोनी में फिर सक्रिय हुआ चोर गिरोह, लोगों ने बढ़ाई रात की निगरानी




डेराबस्सी/यूटर्न/09 जुलाई। शहर की कॉलेज कॉलोनी में लगातार सामने आ रही चोरी की घटनाओं ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। गुरुवार तड़के करीब तीन बजे दो संदिग्ध युवक कॉलोनी की गलियों में घूमते हुए और मकानों की रेकी करते हुए सीसीटीवी कैमरों में कैद हुए। फुटेज में दोनों पहले अलग-अलग घरों के बाहर रुककर आसपास का जायजा लेते दिखाई देते हैं। कुछ देर बाद उनमें से एक युवक एक मकान की दीवार फांदकर अंदर दाखिल हो जाता है, जबकि दूसरा बाहर निगरानी करता रहता है। पीड़ित परिवार के अनुसार, चोर घर से गैस सिलेंडर और जूतों सहित अन्य सामान लेकर फरार हो गए। सुबह घटना का पता चलने पर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें पूरी वारदात रिकॉर्ड मिली। इसके बाद मामले की शिकायत संबंधित पुलिस थाने में दी गई।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पहली घटना नहीं है। कुछ दिन पहले भी इसी तरह के दो संदिग्ध युवक कॉलोनी में घूमते हुए कैमरों में नजर आए थे। उस समय भी लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से एक-दूसरे को सतर्क रहने की अपील की थी, लेकिन इसके बावजूद चोरी की वारदात हो गई। कॉलोनी वासियों का कहना है कि रात के समय बिना नंबर प्लेट वाली मोटरसाइकिलों और संदिग्ध युवकों की आवाजाही लगातार बढ़ रही है। लोगों ने पुलिस से रात में गश्त बढ़ाने, संदिग्ध व्यक्तियों की जांच करने और चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की है।

# वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ रेवरेंड डॉ. जितेन्द्र सिंह का साहित्यिक योगदान, कविता 'ईश्वर कहाँ है' को मिली वैश्विक पहचान

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/09 जुलाई। एनसीआईजीडी रामदरबार चंडीगढ़ के प्रिस्ट, अंतरराष्ट्रीय कवि, लेखक और पर्यावरण संरक्षक रेवरेंड डॉ. जितेन्द्र सिंह के साहित्यिक योगदान को विश्व स्तर पर सम्मान मिला है। उनकी चर्चित कविता 'ईश्वर कहाँ है' को आइना हेरिटेज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रोजेक्ट में शामिल किया गया है, जिसके लिए उन्हें वर्ल्ड रिकॉर्ड लिटरेरी पार्टिसिपेशन ऑनर सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया।



आइना द्वारा आयोजित इस वैश्विक साहित्यिक अभियान में देश-विदेश के सैकड़ों कवियों और साहित्यकारों ने भाग लिया। 11 मार्च से 11 अप्रैल 2026 तक आयोजित इस अभियान में 'सेवन डाइमेंशन्स ऑफ लाइफ' विषय पर 775 कवियों ने डिजिटल माध्यम से अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। इस साहित्यिक पहल को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा विश्व रिकॉर्ड के रूप में मान्यता प्रदान की गई।

इसी ऐतिहासिक अभियान में रेवरेंड डॉ. जितेन्द्र सिंह की कविता ह्यईश्वर कहाँ हैह्न को भी स्थान मिला और उन्हें इस प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया। इस अवसर पर रेवरेंड डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा, 'मैं सर्वशक्तिमान परमेश्वर का हृदय से धन्यवाद करता हूं, जिनकी कृपा, प्रेरणा और अनुग्रह से मुझे यह गौरवपूर्ण सम्मान प्राप्त हुआ। सारी महिमा परमेश्वर को ही जाती है।'

# मिशन हेल्दी भारत की संस्थापक तापसी उपाध्याय का चंडीगढ़ में स्वागत

चंडीगढ़/यूटर्न/09 जुलाई। बीटेक पानीपूरी वाली के नाम से देशभर में अपनी अलग पहचान बना चुकी तापसी उपाध्याय की मोटापा मुक्त भारत जन-जागरूकता बुलेट यात्रा का चंडीगढ़ पहुंचने पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। भाजपा चंडीगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पल मल्होत्रा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं युवा मोर्चा के अध्यक्ष अभय झा, महामंत्री प्रिया पासवान, वरिंदर राणा, सचिव रितिक शुक्ला, मीडिया सह प्रभारी हिताक्षी, प्रवक्ता विनायक बांगिया ने फूल-मालाओं और जोरदार स्वागत के साथ तापसी के साहस, समर्पण और राष्ट्रहित में किए जा रहे अभियान को सलाम किया।



इस अवसर पर अध्यक्ष जतिंदर पल मल्होत्रा ने कहा कि तापसी उपाध्याय आज देश की लाखों बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुकी हैं। उन्होंने यह साबित कर दिया है कि यदि बेटियों को अवसर और परिवार का सहयोग मिले तो वे हर चुनौती को पार कर देश का नाम रोशन कर सकती हैं। उनकी यह यात्रा केवल मोटापा मुक्त भारत का संदेश नहीं दे रही, बल्कि आत्मविश्वास, महिला सशक्तीकरण और स्वस्थ भारत के संकल्प को भी मजबूत कर रही है और ऐसी बेटिया नये भारत की पहचान हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिए ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। तापसी उपाध्याय ने बताया कि उन्होंने 9 मार्च 2025 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश के मेरठ शहर स्थित ऐतिहासिक औघड़नाथ मंदिर से बुलेट बाइक पर मिशन हेल्दी भारत की देशव्यापी जनजागरूकता यात्रा शुरू की थी। इस यात्रा का उद्देश्य ओबेसिटी मुक्त भारत का संदेश देना है। स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए संतुलित भोजन, नियमित व्यायाम और जंक फूड से दूरी बेहद जरूरी है। यदि युवा स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं तो देश को मोटापा मुक्त और अधिक स्वस्थ बनाया जा सकता है।

# पंजाब की राजनीति में जनता दल यूनाइटेड की एंट्री से राजनीतिक तूफान के संकेत, लोगों ने कहा भाजपा की बी टीम

अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न/09 जुलाई। नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड ने पंजाब के आगामी विधानसभा चुनाव में राज्य की 117 सीटों पर चुनाव लड़ने के ऐलान से नए राजनीतिक तूफान आने के संकेत मिलने शुरू हो गए हैं। पार्टी ने चंडीगढ़ में अपना कार्यलय खोलने के बाद जोर शोर से सदस्यता अभियां शुरू कर दिया है पार्टी के अनुसार राज्य की 117 विधानसभा सीटों में जनता दल यूनाइटेड 45 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी बाकी सर सीटों पर गठबंधन किसके साथ होगा अभी इसकी कोई घोषणा नहीं की गई है दूसरी ओर राजनीतिक विश्लेषकों का अनुसार जनता दल यूनाइटेड पंजाब की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी की बी टीम के तौर पर काम करेगी। चूंकि राज्य में उत्तर प्रदेश और बिहार से काफी बढी जनसंख्या पंजाब में रह रही है दोनों प्रदेशों के लोग मिलकर पार्टी को एक मजबूत आधार दे सकते हैं आने वाले समय में जब भारतीय जनता पार्टी चुनावी मैदान में सक्रिय होगी तब योगी आदित्यनाथ विशेष तौर पर पंजाब आएंगे ऐसा माना जा रहा है और ऐसे भी उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों को अपनी पार्टी को वोट डालने के लिए प्रेरित किया जाएगा।






**बिगड़ सकते हैं समीकरण...** जनता दल यूनाइटेड के पंजाब की राजनीति में दो आजमाने की घोषणा के साथ ही यह माना जाने लगा है कि पंजाब की राजनीति में अब तक बने सारे समीकरण अब बिगड़ सकते हैं क्योंकि राज्य में काफी बढी संख्या में प्रवासी रह रहे हैं बिहार के अलावा यूपी के लोगों का झुकाव भी जनता दल यूनाइटेड की ओर हो सकता है। इनमें से अधिकांश के आधार और वोटे बनी हुई है पार्टी ने मालविंदर सिंह बेनीवाल को और राज्य का पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किया है आने वाले दिनों में राज्य के सभी जिलों में पार्टी का विस्तार देखने को मिल सकता है।

**क्या रहेगा पार्टी का एजेंडा...** जनता दल यूनाइटेड से जुड़े लोगों का कहना है कि पार्टी राज्य में 'सुशासन' मॉडल और विकास को मुख्य मुद्दा बना रही है। इसके तहत रोजगार, कृषि सुधार, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और पारदर्शी प्रशासन पर विशेष जोर दिया जाएगा। यह मुद्दे प्रवासी जनसंख्या के अलावा राज्य के वोटरों को भी आकर्षित करेंगे पार्टी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने के लिए एक कोर कमेटी का गठन किया गया है। मालविंदर सिंह बेनीपाल के अलावा कंवर सिंह ढींडसा (पूर्व केंद्रीय मंत्री) को कोर लीडरशिप टीम में शामिल किया गया है।

**राज्य के युवाओं, किसानों और महिलाओं को पार्टी से जोड़ने की कोशिश...** जनता दल यूनाइटेड के नेताओं के अनुसार पार्टी ने राज्य में युवाओं, किसानों, महिलाओं और पेशेवरों को जोड़ने के लिए पूरे राज्य में एक व्यापक सदस्यता अभियान शुरू कर दिया है।

# पंजाब कांग्रेस में फिलहाल थमी नाराजगी, चन्नी बोले- हाईकमान के फैसले के साथ चलेंगे



चंडीगढ़/यूटर्न/09 जुलाई। पंजाब कांग्रेस में संगठनात्मक नियुक्तियों को लेकर छिड़ी नाराजगी फिलहाल थमती नजर आ रही है। पार्टी हाईकमान के सख्त रुख के बाद पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने एकजुटता का संदेश देते हुए कहा है कि कांग्रेस को मजबूत और एकजुट रखना ही सभी नेताओं का उद्देश्य है और हाईकमान जो भी रणनीति तय करेगा, उस पर सभी मिलकर आगे बढ़ेंगे। चन्नी ने बुधवार को चंडीगढ़ में अपने समर्थकों के साथ बैठक की। इससे पहले कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने फोन पर उनसे बातचीत की थी। माना जा रहा है कि इसी बातचीत के बाद चन्नी ने अपने समर्थकों के साथ विचार-विमर्श किया और पार्टी में एकजुटता का संदेश दिया। उधर, पंजाब कांग्रेस के प्रभारी भूपेश बघेल भी नाराज नेताओं को मनाने में जुटे हुए हैं। उन्होंने पूर्व मंत्री ब्रह्म महेंद्र से मुलाकात की। बघेल का कहना है कि हाईकमान अपने फैसले में बदलाव नहीं करेगा, लेकिन जल्द ही सभी नाराज नेता एक मंच पर नजर आएंगे।

# ड्यूटी के दौरान कर्मचारियों से मसाज कराते दिखे एमसी के सैनिटरी इंस्पेक्टर इशु सिंगला, तस्वीरें वायरल

चंडीगढ़/यूटर्न/09 जुलाई। नगर निगम चंडीगढ़ के सैनिटरी इंस्पेक्टर इशु सिंगला की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। वायरल तस्वीरों में वह मखनमाजरा क्षेत्र में ड्यूटी के दौरान अपने कर्मचारियों से मसाज कराते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि ये तस्वीरें बुधवार दोपहर की हैं। तस्वीरों में इशु सिंगला कुर्सी पर बैठे दिखाई दे रहे हैं, जबकि उनके आसपास मौजूद कर्मचारी उनकी मसाज करते नजर आ रहे हैं। तस्वीरें सामने आने के बाद नगर निगम की कार्यप्रणाली, अधिकारियों की जवाबदेही और सरकारी ड्यूटी के दौरान आचरण को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।



स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने और जनसमस्याओं के समाधान के लिए तैनात किए जाते हैं। ऐसे में ड्यूटी के दौरान इस प्रकार की गतिविधियां सामने आना न केवल अनुशासनहीनता का मामला प्रतीत होता है, बल्कि इससे निगम की कार्यप्रणाली और छवि पर भी सवाल खड़े होते हैं। लोगों का कहना है कि यदि तस्वीरें ड्यूटी के दौरान की हैं, तो यह जांच का विषय है कि कर्मचारी अपने निर्धारित कार्यों को छोड़कर अधिकारी की निजी सेवा में क्यों लगे हुए थे। साथ ही यह भी जांच होनी चाहिए कि उस समय संबंधित अधिकारी और कर्मचारी किस ड्यूटी पर तैनात थे। मामले को लेकर जब सैनिटरी इंस्पेक्टर इशु सिंगला से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा, ह्यमेरी यहां ड्यूटी नहीं है।

# लोक मिलनी में विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने सुनीं लोगों की समस्याएं, 70 लाख के विकास कार्य किए समर्पित

## गांव-गांव पहुंचे विधायक कुलजीत सिंह रंधावा, मौके पर निपटाईं जनसमस्याएं

डेराबस्सी/यूटर्न/09 जुलाई। डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित लोक मिलनी कार्यक्रम के तहत विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने वीरवार को त्रिवेदी कैंप, गुरु नानक कॉलोनी, भगवानपुर और रामपुर सैनियां का दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही शिकायतों का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। साथ ही करीब 70 लाख रुपये की लागत से तैयार विभिन्न विकास कार्यों को जनता को समर्पित किया। विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने त्रिवेदी कैंप में लगभग 25 लाख रुपये की लागत से बनी गलियों का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की



महिलाओं से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। इसके बाद गुरु नानक कॉलोनी में करीब 21 लाख रुपये की लागत से बिछाई गई पाइपलाइन और निर्मित गलियों का लोकार्पण किया। इसके बाद गांव भगवानपुर में लगभग 10 लाख रुपये की लागत से श्मशान घाट में कराए गए विकास कार्यों और नई गलियों का उद्घाटन किया। वहीं रामपुर सैनियां में करीब 14 लाख रुपये की लागत से श्मशान घाट, सामुदायिक केंद्र में लगाए गए पेवर ब्लॉक, पेंटिंग और अन्य विकास कार्यों को लोगों को समर्पित किया। रंधावा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार गांवों और शहरों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि लोक मिलनी कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का उनके घर के नजदीक और तय समय में समाधान सुनिश्चित करना है।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र के हर गांव और प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य इसी तरह जारी रहेंगे। कार्यक्रमों में संबंधित गांवों के सरपंच, ब्लॉक समिति चेयरमैन, पंचायत प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# केंद्रीय मंत्री बिट्टू ने थाने पर हमले का लिया जायजा, आप सरकार पर साधा निशाना

पंजाब/यूटर्न/09 जुलाई। मोगा के थाना सदर पर हुए हालिया हमले के बाद केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू वीरवार को जायजा लेने पहुंचे। पुलिस प्रशासन द्वारा उन्हें गांव दुनेके के पास रोके जाने के बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई। इसके विरोध में केंद्रीय मंत्री ने बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ सड़क पर ही धरना शुरू कर दिया। भारी दबाव और तीखे विरोध प्रदर्शन के बाद आखिरकार प्रशासन को झुकना पड़ा और उन्हें आगे जाने की अनुमति दी गई। मोगा पहुंचने के बाद केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने मीडिया से बातचीत में पंजाब सरकार और पुलिस प्रशासन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि मुझे रोकने के लिए सरकार ने डीएसपी, एसएचओ, एसपी और एसएसपी समेत भारी पुलिस बल तैनात कर दिया था। अगर सरकार इतनी मुस्तैदी और ताकत पंजाब की चरमराती कानून-व्यवस्था को संभालने में लगाती, तो आज सूबे के हालात ऐसे न होते।




### थाने सुरक्षित नहीं, आम जनता कैसे रहेगी

केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि पंजाब में लगातार पुलिस थानों को निशाना बनाया जा रहा है, जिससे अब खुद पुलिसकर्मियों के भीतर भी डर और असुरक्षा का माहौल पैदा हो गया है। बिट्टू ने दावा किया कि पंजाब में अब तक लगभग 22 पुलिस थानों पर ग्रेनेड हमले हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि इन वारदात के बाद भी आम आदमी पार्टी की सरकार इन हमलों के मास्टरमाइंड और आरोपियों को पकड़ने में पूरी तरह से नाकाम साबित हुई है।

# बस से उतरे, पुलिस देख बैग खेत में फेंका, 31 हजार नशीली गोलियां बरामद

लालड़ू/यूटर्न/09 जुलाई। हरियाणा रोडवेज की बस से नशीली गोलियां लेकर पहुंचे दो युवकों को लालड़ू पुलिस ने दप्पर टोल प्लाजा के पास नाकाबंदी के दौरान गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 31 हजार लोमोटिल की नशीली गोलियां बरामद हुई हैं। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी उत्तर प्रदेश के बनारस से यह खेप लेकर आए थे और आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई करने की तैयारी में थे। पुलिस के मुताबिक, चौकी लेहली प्रभारी गुरविंदर सिंह



अपनी टीम के साथ बुधवार को दप्पर टोल प्लाजा पर वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान हरियाणा रोडवेज की एक बस से दो युवक उतरे। पुलिस को देखकर दोनों घबरा गए और तेज कदमों से लालड़ू की ओर बढ़ने लगे। इस दौरान उन्होंने अपने पास रखा बैग खेतों में फेंक दिया। शक होने पर पुलिस ने दोनों को मौके पर ही दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान वरिंदर सिंह निवासी गांव घड़ामा और हरप्रीत सिंह निवासी गांव खूहा, थाना बनूड़, जिला पटियाला के रूप में हुई। खेत में फेंके गए बैग की तलाशी लेने पर उसमें लोमोटिल की 31 हजार नशीली गोलियां मिलीं।

# रॉयल एस्टेट में पीडब्ल्यूडी सुपरिटेंडेंट ने लगाया फंदा

जीरकपुर/यूटर्न/09 जुलाई। रॉयल एस्टेट सोसायटी में रहने वाले हरियाणा पीडब्ल्यूडी के सुपरिटेंडेंट ने कथित रूप से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 40 वर्षीय विजय निवासी हरियाणा के रूप में हुई है। वह पिछले काफी समय से परिवार सहित रॉयल एस्टेट स्थित फ्लैट में रह रहा था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बुधवार रात विजय और उसकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद विजय कमरे में चला गया। कुछ देर बाद जब परिजनों ने देखा तो वह पंखे से फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों के बयान दर्ज करने शुरू कर दिए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा।

## गोल्डन ग्लैमरस लुक में छाईं सामंथा रुथ प्रभु



अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु का एक नया ग्लैमरस लुक तेजी से वायरल हो रहा है। गोल्डन शिमरी ड्रेस में उनका स्टाइल और कॉन्फिडेंस फैन्स का ध्यान खींच रहा है। हाल के महीनों में सामंथा अपनी फिल्मों के साथ-साथ फैशन चॉइस को लेकर भी लगातार सुर्खियों में रही हैं। फैन्स उनकी इस तस्वीर पर जमकर तारीफ कर रहे हैं और इसे उनका 'स्टनिंग गोल्डन अवतार' बता रहे हैं। उनकी इस ड्रेस और एलिगेंट लुक को लेकर खूब चर्चा हो रही है।

# रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्य है: एस एस खुराना

**अंसल एस्टेट के एस.एस. खुराना, कंगारू इंडस्ट्रीज की नीलम जैन-विश्वा जैन व एसीपी ट्रैफिक जतिन बांसल को दिया गया विशेष निमंत्रण**



लुधियाना/यूटर्न/09 जुलाई। थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की सहायता के उद्देश्य से श्री राम ग्लोबल स्कूल, न्यू यंग फाइव स्टार क्लब एवं भोले बाबा रत्न मुनि जैन युवा संघ के संयुक्त तत्वावधान में 11 जुलाई (शनिवार) को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक मॉल रोड स्थित श्री राम ग्लोबल प्री स्कूल में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा।शिविर को लेकर शहरभर में प्रचार-प्रसार तेज कर विभिन्न सामाजिक, औद्योगिक एवं प्रशासनिक हस्तियों को आमंत्रित किया जा रहा है। इसी क्रम में श्री राम ग्लोबल स्कूल के डायरेक्टर कुंज गर्ग तथा न्यू यंग फाइव स्टार क्लब के राजेश जैन बॉबी, राजीव जैन और अमन जैन ने अंसल एस्टेट के एस.एस. खुराना, कंगारू इंडस्ट्रीज प्रा. लि. की नीलम जैन एवं विश्वा जैन तथा एसीपी ट्रैफिक जतिन बांसल को शिविर में शामिल होने के लिए विशेष निमंत्रण दिया। अंसल एस्टेट के एस.एस. खुराना ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्य है। थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को नियमित रक्त की आवश्यकता होती है, इसलिए समाज के प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को ऐसे सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। कंगारू इंडस्ट्रीज प्रा. लि. की नीलम जैन एवं विश्वा जैन ने कहा कि किसी जरूरतमंद को जीवनदान देने से बड़ा कोई दान नहीं है। उन्होंने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान शिविर में पहुंचकर इस मानवीय अभियान को सफल बनाने की अपील की। एसीपी ट्रैफिक जतिन बांसल ने कहा कि रक्तदान एक सामाजिक जिम्मेदारी है और युवाओं को ऐसे सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

# मानसून संबंधी अब व्हाट्सएप के जरिए कर सकेगें शिकायत, निगम ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर, सीसीटीवी से शहर पर नजर

लुधियाना/यूटर्न/9 जुलाई। मानसून के दौरान शहरवासियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए नगर निगम लुधियाना ने अपनी तरह की पहली 24/7 मानसून हेल्पलाइन और व्हाट्सऐप चैटबॉट सेवा शुरू की है। मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर और नगर निगम कमिश्नर ओजस्वी अलंकार ने गुरुवार को सराभा नगर स्थित जोन-डी कार्यालय में इस सुविधा का शुभारंभ किया। अब शहरवासी मानसून से जुड़ी समस्याओं जैसे जलभराव, सीवरेज जाम, टूटी सड़कों, गिरे हुए पेड़ों, खराब स्ट्रीट लाइटों आदि की शिकायत 90867-91867 नंबर पर कॉल करके या व्हाट्सऐप संदेश भेजकर दर्ज करवा सकेंगे। नगर निगम जोन-डी कार्यालय में स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) को ह्यमानसून वॉर रूमह्न में बदल दिया गया है। यहां से शहर में लगे करीब 1700 सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से हालात पर नजर रखी जाएगी। वॉर रूम में तैनात कर्मचारी नागरिकों की शिकायतों को दर्ज कर




## व्हाट्सऐप चैटबॉट जरिए लोग बता सकते हैं समस्या

व्हाट्सऐप चैटबॉट के जरिए लोग अपनी समस्या, पता, वार्ड नंबर और संबंधित फोटो भेजकर शिकायत दर्ज कर सकेंगे। शिकायत दर्ज होने के बाद चैटबॉट शिकायत आईडी और संबंधित नगर निगम अधिकारी का संपर्क नंबर भी उपलब्ध करवाएगा। नगर निगम ने मानसून संबंधी शिकायतों के जल्द निपटारे के लिए जोन स्तर पर रैपिड एक्शन टीमें भी तैनात की हैं। निगम के कानूनी सलाहकार एडवोकेट गौरव बग्गा ने कहा कि तकनीक आधारित इस व्यवस्था से शिकायतों पर बेहतर निगरानी होगी और भारी बारिश के दौरान राहत कार्यों में तेजी आएगी। मेयर इंद्रजीत कौर और कमिश्नर ओजस्वी अलंकार ने कहा कि स्थानीय निकाय मंत्री हरजोत सिंह बैंस के मार्गदर्शन में नगर निगम मानसून सीजन में लोगों को बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।

संबंधित अधिकारियों और रैपिड एक्शन टीमों तक पहुंचाएंगे। लॉन्चिंग कार्यक्रम में संयुक्त कमिश्नर विनीत कुमार, संयुक्त कमिश्नर तपन भनोट, कानूनी सलाहकार गौरव बग्गा, डीएफडी अंबर, अमन सिंह, जयंत सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# चंडीगढ़ से पंजाब लाई जा रही शराब पकड़ी, बाइक सवार गिरफ्तार

**रामादा होटल के सामने नाके पर एक्साइज टीम की कार्रवाई**

जीरकपुर/यूटर्न/09 जुलाई। चंडीगढ़ से सस्ती शराब खरीदकर पंजाब में लाने के मामलों पर एक्साइज विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। इसी कड़ी में जीरकपुर एक्साइज विभाग की टीम ने चंडीगढ़-अंबाला हाईवे पर रामादा होटल के सामने नाकाबंदी के दौरान बाइक सवार एक युवक को 11 बोतल शराब सहित काबू किया। आरोपी की पहचान गांव भाखरपुर, थाना डेराबस्सी निवासी जसवीर सिंह पुत्र तेजा सिंह के रूप में हुई है। एक्साइज इंस्पेक्टर गुरप्रीत सिंह के अनुसार, 8 जुलाई की शाम करीब साढ़े सात बजे टीम हाईवे पर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल नंबर पीबी-70 एल-4623 पर आ रहे युवक को रोककर तलाशी ली गई।

तलाशी के दौरान उसके बैग से रॉयल स्टैग ब्रांड की 11 बोतल शराब बरामद हुई। सभी बोतलों पर 'ओनली फॉर सेल इन चंडीगढ़' अंकित था। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी यह शराब चंडीगढ़ से खरीदकर पंजाब ला रहा था। एक्साइज विभाग ने आरोपी, शराब और मोटरसाइकिल को आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस चौकी बलटाना के हवाले कर दिया। पुलिस ने एक बोतल को नमूने के तौर पर सील कर बाकी शराब व बाइक कब्जे में ले ली है।

# संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत -राजा वड़िंग



लुधियाना/यूटर्न/9 जुलाई। पंजाब कांग्रेस भवन, चंडीगढ़ में पंजाब कांग्रेस के प्रभारी भूपेश बघेल के नेतृत्व तथा पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग की अध्यक्षता में विभिन्न संगठनात्मक इकाइयों के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर पंजाब कांग्रेस परिवार की ओर से भूपेश बघेल जी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। युवा कांग्रेसी नेता हरजिंदर सिंह हैप्पी लाली ने भी उनका सम्मानपूर्वक अभिनंदन किया। बैठक के दौरान एडवोकेट राहुल पुहाल, चेयरमैन, जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग, लुधियाना ने पंजाब के युवाओं एवं अनुसूचित जाति समाज से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल जी तथा पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष राजा वड़िंग जी के समक्ष प्रमुखता से रखा। दोनों वरिष्ठ नेताओं ने इन विषयों पर गंभीरता से चर्चा करते हुए आश्वासन दिया कि कांग्रेस पार्टी समाज के प्रत्येक वर्ग की आवाज बनकर उनके अधिकारों की लड़ाई निरंतर लड़ती रहेगी। राजा वड़िंग ने कहा कि कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत उसका समर्पित कार्यकर्ता और मजबूत संगठन है। इस अवसर पर भूपेश बघेल ने कहा कि मजबूत संगठन ही चुनावी सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है।

# टैक्स अधिवक्ताओं की मांगों को हर मंच पर उठाया जाएगा - डॉ. रंधावा



लुधियाना/यूटर्न/9 जुलाई। टैक्सेशन बार एसोसिएशन, आयकर, लुधियाना द्वारा एक स्टडी सर्किल बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के सदस्य डॉ. दयाल प्रताप सिंह (डी.पी.एस.) रंधावा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। बैठक के दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने टैक्स प्रोफेशनल्स (अधिवक्ताओं) के समक्ष आने वाली विभिन्न समस्याओं एवं चुनौतियों को लेकर डॉ. रंधावा को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में टैक्स अधिवक्ताओं के कल्याण हेतु प्रभावी योजनाएं लागू करने, पेशेवर दायित्वों के निर्वहन के दौरान उन्हें विधिक संरक्षण प्रदान करने, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर मामलों में मुकदमेबाजी की प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाने, कर न्याय प्रणाली में अधिवक्ताओं की भूमिका को और अधिक सशक्त करने तथा टैक्स न्याय वितरण व्यवस्था को अधिक प्रभावी एवं उत्तरदायी बनाने की मांग की गई। बैठक में एसोसिएशन के अध्यक्ष इंदर सैन शर्मा, उपाध्यक्ष परमजीत सिंह, महासचिव सुरिंदर सहगल सहित योगेश अरोड़ा, गौरव शर्मा, लविश ढींगरा, गगन कालड़ा, नरेंद्र गोयल, हरकंवल सिंह सेठी, ओ.पी. मिगलानी, इंदरजीत सिंह मल्ही, तरलोक भल्ला, गौतम भल्ला, एन.के. बंसल, सी.पी. भारद्वाज, विजय वोहरा, अमरजीत कालड़ा, करमजीत सिंह, विवेक शर्मा, करण जोशी, विशाल शर्मा, करण चावला, मुनीश कौड़ा, अशोक वाधेरा उपस्थित रहे।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार। Contact - +91 9814295372